# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

nirf RANKING 2025 | NAAC ACCREDITED | 400+ Recruitment Partners | 600+ International Students | 130+ Programs

# FACULTY OF SCIENCE

A career that is rooted in research, purpose and impact.



Science at **Kalinga University** is structured for those who want to solve problems. Programs in B.Sc. and M.Sc. pair strong theoretical foundations with dedicated lab hours, faculty research mentorship, and access to **90,000+** library resources.

A FEW SEATS LEFT...

BOOK YOUR SEAT NOW!

LEARN TODAY • LEAD TOMORROW

## CAREER OPPORTUNITIES

- Lead R&D in Life Sciences, Environmental Science & Materials Research
- Drive Innovation in Pharma, Biotech & Green Technology
- Careers in National Research Labs — CSIR, DRDO, ISRO

## CENTRAL INSTRUMENTATION FACILITY (CIF)

- Access sophisticated research equipment used by scientists and researchers.
- Perform advanced testing, analysis, and scientific investigations.



Scanning Electron Microscope (SEM) | High Performance Liquid Chromatography | FT-IR Spectrophotometer | DNA Gel Electrophoresis Setup | X-Ray Diffractometer (XRD)

PCR (Thermal Cycler) | UV-VisibleDouble Beam Spectrophotometer | 3D Printer | Viscometer (Digital) | Bio-Chemistry Analyzer

Autoclave (Portablthe e) | Hot Air Oven | UV Transilluminator | Viscometer (Touch Screen) | And many more...

## B.Sc.
(Forensic Science, Biochemistry, Bioinformatics, Biotechnology, Microbiology, ZBC, PCM, Aviation)

## M.Sc.
(Forensic Science, Biochemistry, Bioinformatics, Biotechnology, Botany, Chemistry, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology)

## Library Science (B.Lib., M.Lib.)

## Yoga (Diploma, B.Sc., PG Diploma, M.Sc.)

## Design (B.FD, B.ID, M.FD, M.ID)

#Rajesh9926508899

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR CODE To Register for our Entrance Examination KALSEE

*नई दिल्ली। देश में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जो शिक्षा मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी यूयूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 में सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो शैक्षणिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगभग 86 लाख की कमी आई है। वहीं, इसी अवधि में निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में 88 लाख से अधिक नए छात्रों का नामांकन दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में छात्रों का झुकाव लगातार निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है। हालांकि कुल नामांकन में मामूली गिरावट दर्ज की गई है लेकिन ड्रॉपआउट रेट में कमी, शिक्षक संख्या में बढ़ोतरी और माध्यमिक शिक्षा में नामांकन अनुपात में सुधार जैसी सकारात्मक उपलब्धियां भी सामने आई हैं।*

# बड़ा बदलाव, 2 साल में सरकारी स्कूलों से कम हुए 86 लाख छात्र

## यूडीआईएसई की ताजा रिपोर्ट में खुलासा, देश में निजी स्कूलों की ओर बढ़ा छात्रों का रुझान

### सरकारी स्कूलों में 86 लाख छात्रों की कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में सरकारी स्कूलों में कुल 12.75 करोड़ छात्र नामांकित थे, जो 2025-26 में घटकर 11.89 करोड़ रह गए। यानी करीब 86 लाख छात्रों की कमी दर्ज की गई। दूसरी तरफ, निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूलों में छात्रों की संख्या 9 करोड़ से बढ़कर 9.89 करोड़ हो गई। यानी दो वर्षों में 88 लाख से अधिक छात्रों का इजाफा हुआ।

**कुल नामांकन में मामूली गिरावट:** देशभर में फाउंडेशन स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक कुल छात्र नामांकन 24.80 करोड़ (2023-24) से घटकर 24.72 करोड़ (2025-26) रह गया। हालांकि यह गिरावट बहुत मामूली रही है।

### स्कूलों की संख्या घटी, शिक्षक बढ़े

रिपोर्ट के अनुसार देश में स्कूलों की कुल संख्या 14.72 लाख से घटकर 14.67 लाख हो गई। वहीं शिक्षकों की संख्या पहली बार 1 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। वर्ष 2025-26 में देश में कुल 1,02,73,020 शिक्षक दर्ज किए गए हैं, जिसके चलते पीपल्स टीचर रेशियो (**PTR**) भी 25:1 से सुधरकर 24:1 हो गया।




**सिंगल टीचर स्कूलों में कमी :** रिपोर्ट के मुताबिक, जीरो एनरोलमेंट वाले स्कूल 12,954 से घटकर 5,663 रह गए हैं, जबकि सिंगल टीचर स्कूलों की संख्या 1.11 लाख से घटकर 1.01 लाख हो गई है। इस बड़े बदलाव को यह स्कूल शिक्षा व्यवस्था में सुधार का संकेत माना जा रहा है।

### ड्रॉपआउट रेट में लगातार सुधार

यूडीआईएसई+ रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न स्तरों पर स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में कमी आई है, जिसमें प्रिपरेटरी स्तर पर ड्रॉपआउट रेट 2.3% से घटकर 1.8% हुआ है, तो सेकेंडरी स्तर पर ड्रॉपआउट रेट 8.2% से घटकर 7% रह गया है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं और छात्र हित कार्यक्रमों का असर अब दिखाई देने लगा है।

### रिटेंशन रेट में सुधार

रिपोर्ट के अनुसार माध्यमिक स्तर तक छात्रों को स्कूल में बनाए रखने की स्थिति बेहतर हुई है, जिसमें मिडिल स्तर पर रिटेंशन रेट 82.8% से बढ़कर 83.7% हुआ है, तो सेकेंडरी स्तर रिटेंशन रेट 47.2% से बढ़कर 51.9% पहुंच गया है। हालांकि फाउंडेशन और प्रिपरेटरी स्तर पर इसमें हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

### सेकेंडरी जीईआर बढ़कर हुआ 71.7%

माध्यमिक स्तर पर ग्रोस एलरोलमेंट रेशियो (जीईआर) भी बेहतर हुआ है, जो 68.5% से बढ़कर 71.7% पहुंच गया है। यह बढ़त दर्शाती है कि पहले की तुलना में अधिक छात्र माध्यमिक शिक्षा तक पहुंच रहे हैं।

### पहली बार 1.02 करोड़ से अधिक शिक्षक

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025-26 में देश में पहली बार स्कूल शिक्षकों की संख्या 1.02 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसके बारे में शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इससे छात्र-शिक्षक अनुपात बेहतर होगा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और राज्यों के बीच शिक्षकों की उपलब्धता में असमानता कम होगी।

### यह है यूडीआईएसई

यूडीआईएसई+ यानी यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस शिक्षा मंत्रालय का आधिकारिक डेटा प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर के स्कूलों में छात्रों की संख्या, शिक्षकों, बुनियादी सुविधाओं और अन्य शिक्षा संबंधी आंकड़ों का संग्रह और विश्लेषण किया जाता है। यह रिपोर्ट 31 मार्च 2026 तक स्कूलों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### अंजनी होंगे यूक्रेन में भारत के अगले राजदूत



**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** भारतीय राजनयिक और विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 2003 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अंजनी कुमार को भारत ने यूक्रेन में अपने अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि वह जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में कुमार मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और अब उनकी यूक्रेन में नियुक्ति को हरी झंडी प्रदान की गई है।

### भ्रामक दावा: 3 दिग्गज कंपनियों को नोटिस




**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों में भ्रामक दावों और गलत लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने बड़ा एक्शन लिया है। एफएसएसएआई ने देश की तीन बड़ी कंपनियों—लॉटी इंडिया कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, कुबेरा फूड्स और फर्नस एन पेटाल्स प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों पर पैकेज्ड फूड पर गलत और गुमराह करने वाले दावे करने का आरोप है।

### अमरनाथ यात्रा, रिकॉर्ड 9,837 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रिकॉर्ड 9,837 श्रद्धालु रवाना हुए। यह इस साल अब तक का सबसे बड़ा एक दिन का जत्था है। श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा के बीच 361 वाहनों के काफिले में पहलगाम और बालटाल बेस कैंप के लिए निकले। अधिकारियों के मुताबिक, 188 वाहनों में सवार 5,337 श्रद्धालु पारंपरिक पहलगाम मार्ग से रवाना हुए। वहीं, 173 वाहनों में 4,500 श्रद्धालु छोटे बालटाल मार्ग के लिए निकले। इस जत्थे में 6,684 पुरुष, 2,730 महिलाएं, 21 बच्चे, 320 साधु, 80 साध्वियां और 2 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु शामिल हैं। 57 दिन की अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई है।

## अयोध्या राम मंदिर में दान चोरी पर मचा है देशभर में बवाल

# एसआईटी ने अविनाश को बनाया मुख्य आरोपी कांग्रेस ने कहा, चंपत हो तत्काल गिरफ्तार

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की शुरुआती रिपोर्ट में अविनाश शुक्ला को मुख्य आरोपी बताया गया है। इधर, कांग्रेस ने चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्रस्ट के सदस्यों का चयन करने में अपनी 'गलती' के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**एजेंसी ▸▸| अयोध्या (उप्र)**

अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यों वाली एसआईटी के अंतरिम नतीजों पर सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक में चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर में भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने के काम में शामिल अविनाश शुक्ला के खिलाफ एसआईटी को सबसे मजबूत सुबूत मिले हैं, लिहाजा उसे इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कथित चोरी का पूरा प्रकरण शुक्ला के इर्द-गिर्द केंद्रित था और उसकी निशानदेही पर ही जांचकर्ताओं को पांच अन्य आरोपियों की पहचान करने और मंदिर के दान राशि गणना कक्ष के अंदर संदिग्ध काम करने के तरीके को समझने में मदद मिली।




**जांच का केंद्र होगा अविनाश :** सूत्रों ने बताया कि 23 जून को प्रदेश के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंपी गई नौ पेज की रिपोर्ट में 30 वर्षीय अविनाश शुक्ला को जांच का केंद्र बताया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने प्रथम दृष्ट्या लगभग 40 दिनों के दौरान मंदिर के दान राशि गणना कक्ष से कथित चोरी के लगभग 70 मामलों की पहचान की है।

### पुलिस रिमांड पर लिये गये तीन आरोपी

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया। विशेष अदालतके आदेश के अनुसार रिमांड की यह अवधि बुधवार सुबह सात बजे शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सामने आए नए सुबूतों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और पुलिस उन जगहों पर तलाशी भी ले सकती है जिनकी आरोपियों ने निशानदेही की है ताकि चोरी की गयी नकदी और अन्य सामान बरामद किया जा सके।

### भंग हो ट्रस्ट, गिरफ्तार हो चंपत : कांग्रेस

कांग्रेस ने अयोध्या स्थित राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ट्रस्ट के सदस्यों का चयन करने में अपनी 'गलती' के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने मांग फिर दोहराई कि इस पूरे मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए और उसकी जगह नया ट्रस्ट गठित किया जाए, जिसमें कौन लोग शामिल होंगे, उस बारे में सभी शंकराचार्य जी, उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, निर्मोही अखाड़ा के प्रतिनिधि तथा साधु-संत मिलकर तय करें।

### नया खुलासा, ट्रस्ट की फर्जी रसीद दे श्रद्धालुओं से करते थे वसूली




राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच चल रही है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच एक और जानकारी सामने आई है। आरोपियों की निशानदेही पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम पर बनाई गई पुरानी फर्जी चंदा रसीद बुक बरामद हुई है। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे केवल दान की चोरी ही नहीं करते थे, बल्कि फर्जी रसीद काटकर श्रद्धालुओं से पैसे भी वसूलते थे। आरोपियों के पास से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक भी बरामद की गई है। शुरुआती दौर में टिन्नू यादव, लव कुश, करुणेश, अनुकल्प समेत अन्य गिरफ्तार आरोपी दान देने वाले श्रद्धालुओं को रसीद के रूप में यही फर्जी पर्ची देते थे, ताकि किसी को संदेह न हो। फर्जी रसीद पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो भी छपवाया गया था।

# रैली ने दौरान भड़कीं ममता घर के बाहर कार्यकर्ताओं को थप्पड़ मारा

भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीएमसी के जुलूस में अंडे फेंके, तो नाराज हुईं



**एजेंसी ▸▸| कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ रेप-मर्डर के विरोध में बुधवार को टीएमसी कोलकाता में रैली निकाल रही थी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली का विरोध करते हुए चोर-चोर के नारे लगाए और प्रदर्शन किया। टीएमसीका आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर अंडे फेंके। रैली जब ममता बनर्जी के घर के बाहर पहंची तो हंगामा बढ़ गया। नाराज ममता बनर्जी अपने घर से बाहर आईं। उन्होंने लोगों से वहां से हटने की अपील की और हाथ के इशारों से भीड़ को पीछे जाने को कहा।

हालांकि, कई लोग वहीं खड़े होकर मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। इसी दौरान ममता ने अपना आपा खो दिया और अपने एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दो कार्यकर्ताओं की पीठ पर मारा। जिन लोगों को ममता ने मारा, उनकी पहचान नहीं हुई है।

### 440 करोड़ जमा वाले टीएमसी के तीन खाते सील

केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ा झटका दिया है। ईडी ने धन के कथित गबन से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान के बाद धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत टीएमसीकी 440 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि के लेन-देन पर रोक लगा दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस मामले पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अधिकारियों के अनुसार, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 17(1-ए) के तहत ये आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 440.42 करोड़ रुपये की यह राशि तृणमूल कांग्रेस के तीन निजी बैंक खातों में जमा है।

**बैंक खाते फ्रीज पर सुनवाई भी टली :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बैंक खातों पर डेबिट फ्रीज के मामले की सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी है। अदालत ने निजी बैंक की ओर से जमा की गई रिपोर्ट नहीं खोली। यह रिपोर्ट अदालत के निर्देश पर तीन बैंक खातों में मौजूद राशि की जानकारी देने के लिए दाखिल की गई थी।

## निज्जर मामले में खुली पूर्व पीएम की पोल

# झूठे थे भारत पर ट्रूडो के आरोप कनाडा पुलिस की 'क्लीन चिट'

**एजेंसी ▸▸| ओटावा**



लगभग तीन साल पहले कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। लेकिन अब कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं। यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने निज्जर हत्याकांड में भारतीय मूल के गैंगस्टर्स के खिलाफ आरोप तय किए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) का यह बयान ट्रूडो सरकार के उस पुराने रुख से बिल्कुल अलग है, जिसने भारत और कनाडा के बीच दशकों का सबसे गंभीर कूटनीतिक संकट खड़ा कर दिया था। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने शुरू से ही बेतुका और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया था। इन आरोपों के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था, द्विपक्षीय वार्ताएं ठप हो गई थीं और रिश्तों में गहरी तल्खी आ गई थी।

# पिनाका रॉकेट का किया सफल उड़ान परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

- **डीआरडीओ को मिली बड़ी कामयाबी, बढ़ेगी सेना की मारक क्षमता**

देश की पूर्वी और पश्चिम सीमाओं से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। जिसमें संगठन ने बुधवार को लंबी दूरी के निर्देशित पिनाका रॉकेट (पीएलआरजीआर) का सफलता के साथ उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण को देश के पूर्वी तट पर स्थित ओडिशा की चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। रॉकेट को उपयोगकर्ता द्वारा तय की गई 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी से दागा गया। जिसमें उड़ान के समय पर उसने अपने सभी तय किए गए लक्ष्यों पर बेहद सटीकता से वार किया।

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए भारतीय सेना, डीआरडीओ और रक्षा उद्योग जगत की समूची टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि भारत के संबंध में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेटों के डिजाइन और क्षमता विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीआरडीओ अध्यक्ष और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी इस परीक्षण पर बेहद बारीकी से निगरानी रखी और इसकी सफलता को लेकर पूरी टीम को बधाई दी है।

## जेपीसी ने दिया अंतिम रूप

# मानसून सत्र में पेश होगा शिक्षा अधिष्ठान विधेयक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 देश में उच्च शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में मददगार होगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अनुसार इस विधेयक को अंतिम रूप दे दिया गया है। संसद के आगामी मानसून सत्र में इसे पेश कर दिया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बतौर सदस्य विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पर संसद की संयुक्त समिति की संसद परिसर में बुधवार को आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद यह जानकारी दे रहे थे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बैठक में विधेयक के सभी प्रावधानों पर बिन्दुवार गहन विचार विमर्श कर विधेयक को अंतिम रूप दिया गया। सांसद अग्रवाल के अनुसार विधेयक देश की नई शिक्षा नीति को जनता के लिए और उपयोगी और सुगम बनाने में पूरी तरह सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश के उच्च शिक्षण संस्थान केवल डिग्री प्रदान करने की बजाय नवाचार, अनुसंधान और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन के लिए और कोशिश करें।

## केंद्र का बड़ा एक्शन, जी-5 से भी हटवाया गया इसे, फिल्म को लेकर मचा है बवाल

# रिलीज के दो दिन में ही रोकी गई 'सतलुज' की होगी समीक्षा

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'सतलुज' को लेकर बवाल मचा हुआ है। रिलीज के महज दो दिन बाद ही रोकी गई इस फिल्म की फिर समीक्षा होगी। बता दें, तीन जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर बिना किसी सेंसर कट के रिलीज हुई इस फिल्म को 'सुरक्षा चिंताओं' के चलते पांच जुलाई को हटा दिया गया था। अब केंद्र सरकार इस मामले को आइटी (सूचना और प्रसारण) नियम 2021 के तहत गठित एक अंतर-विभागीय समिति को सौंपने की तैयारी में है, जो इसके भविष्य का फैसला करेगी। पिछली सदी के अंतिम दशक में पंजाब के अशांत दौर और मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' (पूर्व नाम 'पंजाब 95') इन दिनों गहरे विवादों में है।




### फिल्ममेकर पर यह लगा आरोप

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म निर्माता थिएटर रिलीज के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा सुझाए कट्स को टालते रहे और इसे चुपचाप नए नाम 'सतलुज' के साथ ओटीटी पर रिलीज कर दिया। चूंकि ओटीटी प्लेटफॉर्म सीधे तौर पर सेंसर बोर्ड के दायरे में नहीं आते, इसलिए निर्माताओं ने इस कानूनी ढाल का फायदा उठाने की कोशिश की। जब यह बात सरकार के संज्ञान में आई, तो देश की संप्रभुता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जी5 को तुरंत इसे हटाने का निर्देश दिया गया।

### किसने क्या कहा




फिल्म के डायरेक्टर हनी त्रेहान ने कहा, कोई मुझसे पूछे कि फिल्म से किसे दिक्कत थी, तो सच कहूं तो मुझे नहीं पता। न तो कोई चेहरा सामने आया, ना ही कोई नाम। जो कुछ भी हुआ, थर्ड पार्टी के लोगों या वकीलों के जरिए हुआ। मन में कोई कड़वाहट नहीं रही।



फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मेरा इस फिल्म को देखने का कोई प्लान नहीं था, लेकिन अब इसके बैन होने के बाद मुझे ये फिल्म देखनी पड़ेगी। कश्यप ने लोगों से इस फिल्म को देखने की अपील की, भले वो पायरेटेड ही क्यों ना देखें।



एक्ट्रेस गुल पनाग ने कहा, हमें अपने इतिहास के मुश्किल हिस्सों से डरना नहीं चाहिए। हमें अपने इतिहास के कठिन अध्यायों से इतना असहज नहीं होना चाहिए। फिल्मों पर चर्चा और बहस होनी चाहिए, लेकिन उन्हें बैन करना सही तरीका नहीं है।



पटियाला से सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी ने कहा- यह मामला सिर्फ रोजमर्रा की पॉलिटिक्स का नहीं है, बल्कि ह्यूमन राइट्स और बोलने की आजादी से जुड़ा है। पंजाब के बुरे दिनों में स्टेट, एजेंसियों और दूसरी पार्टियों के रोल का सच सामने आना चाहिए।

### प्रमुख हवाई अड्डों पर बढ़ाई जाएंगी यात्री सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आप्रवासन (इमिग्रेशन) प्रणाली को और अधिक आधुनिक एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से बुधवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आसूचना ब्यूरो तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में देश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने, सुरक्षा जांच को अधिक प्रभावी बनाने तथा आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। अमित शाह ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के सुरक्षा मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं का विस्तार करने और वाणिज्यिक क्षेत्रों को निर्धारित सीमा में रखने के निर्देश दिए।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹107252/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹130990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹142988/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026


## 'झमाझम' के बीच कराया मेंढक-मेंढकी का ब्याह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/प्रतापपुर

अलग खबर

लंबे इंतजार के बाद ग्रामीण अब बारिश के लिए इंद्रदेव को मनाने की कोशिश में जुटे हैं। ग्राम पंचायत खुशी में ग्रामीणों ने वर्षा के लिए डीजे के साथ बारात निकालकर धूमधाम से मेंढक एवं मेंढकी का विवाह रचाया। गांव के बैगा ने विधि-विधान से मेंढक-मेंढकी का विवाह संपन्न कराया। इस बार कम बारिश होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान अभी तक न तो धान का थरहा लगा पाए हैं, न ही मक्का एवं दलहन एवं तिलहन फसलों की ही बुनाई कर पाए हैं। लंबे इंतजार के बावजूद बारिश ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चार दिनों तक चलती रही विवाह की रस्में





### पिछड़ रही खेती

*वर्षा नहीं होने के कारण खेती पिछड़ रही है। वर्षा के लिए क्षेत्र में मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाने की परम्परा है। बुजुर्गों की सहमति से गांव में उत्साहपूर्वक मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाया गया।*

*-रामजय रंते, सरपंच, खुशी*

## सुहागरात के लिए सजाया एसी कोच, टीसी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे की एक ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच के एक केबिन को सजाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर सुहागरात के कमरे की तरह सजे केबिन का वीडियो वायरल होने के बाद अब रेलवे प्रशासन ने संबंधित टीसी (टिकट चेकर) को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल ये मामला 6 जुलाई 2026 का है, जब ट्रेन संख्या 11002 नंदीग्राम एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक कपल ने अपने सफर को खास बनाने के लिए ऑनलाइन एक निजी डेकोरेटर को काम पर रखा था। इस डेकोरेटर ने ट्रेन के भीतर जाकर उनके पूरे केबिन को सुहागरात के कमरे की तरह सजाया। वीडियो के सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत ▶▶|शेष पेज 5 पर

- केबिन का वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे ने की कार्रवाई



### अनाधिकृत प्रवेश को माना बड़ी चूक

*इस मामले में असल विवाद बाहरी डेकोरेटर के ट्रेन के भीतर आने को लेकर खड़ा हुआ है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि उस निजी डेकोरेटर का ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच के भीतर जाना पूरी तरह से अनाधिकृत था। बिना इजाजत के किसी बाहरी व्यक्ति का वीआईपी कोच में प्रवेश करना सुरक्षा के नियमों के खिलाफ है। रेलवे ने कहा है कि जांच की रिपोर्ट आने के बाद जो भी सच सामने आएगा, उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

### कोल, कस्टम मिलिंग के साथ शराब घोटाले में नाम

## कांग्रेस के खजांची रहे रामगोपाल हिरासत में, तीन साल से थी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

तीन साल से फरार चल रहे कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को ईओडब्लू, एसीबी ने बुधवार को हिरासत में लिया है। चर्चा है कि वह अपने बेटे को साथ लेकर जांच एजेंसी के कार्यालय में सरेंडर करने के लिए आए थे। इस दौरान ईओडब्लू, एसीबी के अफसरों ने पूछताछ करने हिरासत में लिया। रामगोपाल का नाम करीब 3 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला, 450 करोड़ रुपए के कोल लेवी वसूली तथा 127 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले की जांच में सामने आया है। जांच एजेंसियां इन सभी मामलों की अब भी जांच कर रही हैं। घोटाला में नाम सामने आने के बाद कांग्रेस का पूर्व कोषाध्यक्ष फरार हो गया था।

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष को गुरुवार को ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सरेंडर करने के दौरान हिरासत में लेने की चर्चा



### इन बिंदुओं पर होगी पूछताछ

- ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के अनुसार कोल लेवी घोटाले की जांच के दौरान सूर्यकांत तिवारी के पास से जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपए की एंट्री प्राप्त हुई है। अब तक की विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि उक्त राशि रामगोपाल अग्रवाल द्वारा कांग्रेस भवन में प्राप्त की गई थी। इस संबंध में डायरी एंट्री, धनराशि के स्रोत, राशि पहुंचाने वाले व्यक्तियों, प्राप्तकर्ता एवं उपयोग से संबंधित बिंदुओं पर रामगोपाल अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा उससे दो और बिंदुओं पर पूछताछ होगी।
- अनवर ढेबर एवं उसके लोगों द्वारा करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए गए थे। इस संबंध में राशि की डिलीवरी, संबंधित व्यक्तियों की भूमिका, प्राप्त राशि के उपयोग एवं अन्य जुड़े हुए बिंदुओं पर भी उनसे पूछताछ की जाएगी।
- धान से जुड़े प्रकरण में भी रोशन चंद्राकर द्वारा करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए जाने संबंधी तथ्य जांच में सामने आए हैं। इस संबंध में राशि के संग्रहण, परिवहन, प्राप्ति, उपयोग एवं संबंधित व्यक्तियों की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### रामगोपाल पर जांच एजेंसियों ने ऐसे कसा शिकंजा

कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार रामगोपाल अग्रवाल कांग्रेस में वर्ष 2013 में कोषाध्यक्ष बना। शराब घोटाला में नाम सामने आने पर ईडी ने 20 फरवरी 2023 को उसके ठिकानों पर छापेमारी की थी, दूसरी दफा 21 जुलाई 2023 को छापे की कार्रवाई करने पहुंची। उसके बाद से रामगोपाल अग्रवाल नहीं दिखा।

### फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट बनाकर ओमान में घुसा था, भारत लाए जाने की तैयारी

## महादेव सट्टे का मालिक सौरभ ओमान में फंसा, 6000 करोड़ का है नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मूलतः दुर्ग निवासी जूस सेंटर संचालित करने वाला सौरभ चंद्राकर ने दुर्ग से महादेव सट्टा एप की शुरुआत की। इसके बाद वह पुलिस को चकमा देकर अपने साथी रवि उप्पल के साथ दुबई शिफ्ट हो गया। आरोप है कि दुर्ग, रायपुर के युवाओं को दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर वह अपने साथ दुबई ले गया। इसके बाद रायपुर तथा दुर्ग-भिलाई के लड़कों के माध्यम से दुबई में बड़ा नेटवर्क तैयार कर बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित करने लगा। जांच एजेंसियों के आरोपों के मुताबिक सौरभ तथा रवि ने महादेव सट्टा एप के माध्यम से छह हजार करोड़ रुपए कमाई कर मनी लांड्रिंग की। इसके साथ ही सट्टे की कमाई को हवाला के माध्यम से दुबई मंगाए।

### गिरफ्तारी की चर्चा

*चर्चा है कि महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर को रॉयल ओमान पुलिस ने मस्कट से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर पहले यूएई में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर की गई है, जिसे भारतीय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर जारी किया गया था। सौरभ को अल खौद डिटेंशन सेंटर में कैद कर रखे जाने की बात सामने आई है। उसने अपनी तरफ से केस लड़ने के लिए वकीलों की टीम भी रखी है। वहीं, ओमान में फर्जी पासपोर्ट और अवैध तरीके से प्रवेश करने के मामले की जांच जारी है।*

*महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को आखिरकार ओमान में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि उसने फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश किया था। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार उसे वापस लाने की प्रक्रिया में जुट गई है। इसके लिए ओमान सरकार से प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।*

### हरिभूमि ने ही चार साल पहले किया था खुलासा

**टीम हरिभूमि ने खोला सट्टे का राज, तोता बता रहा है रेट दुबई से मिली आईडी, रोजाना 60 से 70 खोखे का खेल**




### सट्टा एप में एक करोड़ प्लेयर

ईडी की जांच में महादेव सट्टा एप में एक करोड़ प्लेयर तथा यूजर्स के जुड़े होने की बात सामने आई है। इनमें सभी वर्ग के लोग शामिल रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी का शिकंजा जैसे-जैसे कसता गया। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर अलग-अलग नामों से सट्टा एप का संचालन करने के साथ अपने यूजर्स को शिफ्ट कर सट्टा संचालित करने लगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर महादेव सट्टा एप पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

### दो वर्ष पूर्व यूएई में हिरासत में लिया गया था

इससे पहले 2024 में, इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर चंद्राकर को यूएई में हिरासत में लिया गया था। उस समय भारत ने उसे प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और बाद में उसे रिहा कर दिया गया। इसी बीच, ऐसी खबरें भी आईं कि उसका साथी रवि उप्पल यूएई से भाग गया है।

### भारत लाने में आ सकती हैं कानूनी अड़चनें

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सौरभ चंद्राकर ने सीसीएफ में सुनवाई के दौरान ही यूएई छोड़ दिया था। ऐसा माना जा रहा कि उसका फर्जी पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश करना उसकी एक सोची-समझी रणनीति हो सकती है, ताकि भारत प्रत्यर्पण प्रक्रिया में देरी हो। ओमान के कानून के तहत फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल गंभीर अपराध माना जाता है, जिसकी सजा 3 से 5 साल तक की कैद और जुर्माना हो सकती है।

### अब तक 4336 करोड़ की संपत्तियां अटैच

महादेव सट्टा एप प्रकरण में ईडी ने अब तक 175 से ज्यादा ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किए हैं। 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 74 लोगों को आरोपी बनाया गया। साथ ही रायपुर की विशेष पीएमएलए कोर्ट में 5 प्रॉसिक्यूशन शिकायतें दाखिल की गई हैं। एजेंसी के मुताबिक, अब तक इस मामले में कुल 4 हजार 336 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियां अटैच, सीज या फ्रीज की जा चुकी हैं।

### खबर संक्षेप

#### प्रीति जिंटा के डीपफेक वीडियो हटाने के आदेश

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने अभिनेत्री प्रीति जिंटा से जुड़े सभी डीपफेक, छेड़छाड़ कर तैयार की गई तस्वीरों, फर्जी वीडियो और अन्य अनधिकृत ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है। पीठ ने जिंटा को राहत देते हुए, ऑनलाइन मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत उनकी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाई।

#### टीएमसी की 440 करोड़ की जमा राशि रोक पर

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन के कथित गबन से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान के बाद धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत तृणमूल कांग्रेस की 440 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि के लेन-देन पर रोक के आदेश जारी किए हैं। 440.42 करोड़ रुपये की यह राशि तृणमूल कांग्रेस के तीन निजी बैंक खातों में जमा है।

#### भुवनेश्वर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बुधवार को भुवनेश्वर कोर्ट परिसर में बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि यह धमकी अफवाह साबित हुई। कोर्ट के अधिकारियों से ई-मेल के बारे में जानकारी मिलने के बाद, ओडिशा पुलिस के बम निरोधक दस्ते के कर्मी मौके पर पहुंचे और पूरी इमारत की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।



### दिल्ली-मुंबई में जलभराव, पुणे में बड़ी आफत

## कचरे का 'पहाड़' गिरने से ढही इमारत, कई दबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के एक बड़े हिस्से में बुधवार को भारी मानसूनी बारिश हुई, जिससे कई जगह अचानक बाढ़ आ गई और रेल एवं सड़क यातायात में बड़े पैमाने पर बाधा उत्पन्न हुई। दिल्ली और मुंबई के कई हिस्सों में जलजमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ में भारी बारिश के दौरान इमारत ढह गई, जहां मलबे में 16 लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ में बुधवार को कचरे का एक बड़ा ढेर तीन मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे वह ढह गई और कम से कम 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

### शाह ने केंद्र से दिया मदद का आश्वासन

*हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसे हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और केरल के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।*



*उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा कहा कि लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृह मंत्री ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा केरल के मुख्यमंत्री से अलग-अलग बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।*

### सदस्य अगले सप्ताह देख सकेंगे अपडेट राशि

## 3.4 करोड़ सदस्यों को मिलेगा पीएफ ब्याज, 15 तक खाते में आएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि खातों में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। सदस्य 15 जुलाई तक अपने खातों में अद्यतन राशि ऑनलाइन देख सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि ईपीएफओ में 2.01 'केंद्रीकृत आईटी आधारित सेवाएं' लागू होने के बाद भविष्य निधि खातों तक ऑनलाइन पहुंच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। सीआईटीईएस परियोजना को सुविधा बढ़ाने, ईपीएफओ की परिचालन दक्षता में सुधार करने को तैयार है।




### अधिकृत केंद्र में मिलेगी सेवाएं

नई व्यवस्था के तहत सदस्य अब देश में किसी भी अधिकृत केंद्र से सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह व्यवस्था बैंकिंग सेवाओं की तरह होगी, जहां ग्राहकों को किसी विशेष शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होती। अब एकीकृत डिजिटल मंच पर सारी जानकारी होगी।

## होटल में प्रेमी ने लगाई फांसी प्रेमिका ने काटी हाथ की नस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विवाद के बाद होटल के कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, उसकी गर्लफ्रेंड ने हाथ का नस काट ली। सूचना पर सुपेला थाना अंतर्गत स्मृतिनगर पुलिस मौके पर पहुंची। युवती को अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर, अटल आवास निवासी शदाब शेख पियानो ▶▶|शेष पेज 5 पर



मृतक

### होटल से बाहर निकलते हुए तस्वीर कैमरे में कैद

*पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। खबर लगते ही पुलिस होटल में पहुंची कमरे से शव को बाहर निकाला गया। जिसे पीएम के लिए भेजा गया। पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मृतक शादाब के भाई अल्ताफ शेख ने बताया कि रात करीब* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मामले में की जा रही है जांच

*पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी हुई है। प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला दिख रहा है। लेकिन हर पहलू की जांच की जाएगी।*

*सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी, भिलाई नगर*

### एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक

## नई किताब में सावरकर की एंट्री और हिटलर-नाजी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कक्षा आठ के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से जारी सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में 1947 के भारत-पाकिस्तान बंटवारे को लेकर कांग्रेस के रुख को बदले स्वरूप में पेश किया गया है और कहा गया है कि विभाजन को ही आगे बढ़ने का एकमात्र स्वीकार्य रास्ता मानने संबंधी रुख पर बहस अब भी जारी है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में जहां वीडी सावरकर की 'स्वराज' की मांग को शामिल किया गया है, वहीं एडॉल्फ हिटलर और नाजी विचारधारा का जिक्र हटा दिया गया है। एनसीईआरटी ने न्यायपालिका को कथित तौर पर बदनाम करने को लेकर उपजे विवाद के कुछ महीनों बाद कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान ▶▶|शेष पेज 5 पर

- पाठ्यपुस्तकों को नए पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया



### कक्षा एक से नौ तक की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध

एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार, कक्षा एक से नौ तक के लिए सिर्फ दो किताबों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यपुस्तकें अब उपलब्ध हैं। इन पाठ्यपुस्तकों को नये पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया है। ये शेष दो किताबें जिनमें कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकों का भाग-2 शामिल है, अगस्त तक जारी होने की संभावना है। नयी पाठ्यपुस्तकें 'राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) 2023' के अनुरूप तैयार की गई हैं। कक्षा एक से आठ तक की सभी पाठ्यपुस्तकें अब डिजिटल और मुद्रित, दोनों प्रारूपों में उपलब्ध हैं।

### पहले क्या था

- 'भारत की आजादी का लंबा सफर' शीर्षक वाले इतिहास के अध्याय में कहा गया है कि कांग्रेस ने भी बंटवारे का जबरदस्त विरोध किया था।
- अंग्रेजों ने हिंदू और मुस्लिम नेताओं के बीच मतभेद का फायदा उठाते हुए भारत का बंटवारा करने का फैसला किया और हालांकि, महात्मा गांधी सहित कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं ने विभाजन का विरोध किया था।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सेना बनाने के लिए हिटलर का समर्थन मांगा था और जर्मन नेता को ऐसा तानाशाह बताया था।

### अब क्या है?

- पिछली किताब में शामिल उस वाक्य को भी हटा दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि बंटवारे के दौरान जब पूरा उपमहाद्वीप सांप्रदायिक नरसंहार से जूझ रहा था, तब कांग्रेस नेता बेबस थे।
- संशोधित पाठ्यपुस्तक में पूर्ण स्वतंत्रता की मांग से जुड़ी कहानी को और विस्तार से दिया गया है। इसमें जोड़ा गया है कि 1925 में वीडी सावरकर ने भी 'स्वराज' की ऐसी ही मांग की थी।
- संशोधित संस्करण में हिटलर और नाजी विचारधारा का जिक्र हटाते हुए कहा गया है कि बोस ने ब्रिटिश-विरोधी ताकतों से समर्थन मांगा था।





## बादल आए, खेत मुस्कराए...

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून की झमाझम बारिश के बाद खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। पर्याप्त पानी मिलने से किसानों ने धान की रोपाई का काम तेज कर दिया है। गांवों में खेतिहर महिलाएं और किसान सिर पर धान के पौधे लेकर खेतों में उतर चुके हैं। पानी से लबालब खेतों में दिनभर रोपाई का सिलसिला जारी है। समय पर हुई बारिश ने खरीफ सीजन के प्रति किसानों का भरोसा मजबूत किया है और इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीदें भी हरी हो गई हैं। तस्वीर प्रदेश के ग्रामीण अंचल में बारिश के बाद शुरू हुई इसी कृषि गतिविधि की जीवंत झलक पेश करती है।

**खबर संक्षेप**

### दो बाइकों में भिड़ंत, दो ने मौके पर तोड़ा दम



**भाटापारा।** भाटापारा-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर अर्जुनी-खमरिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। मामला भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एसडीओपी तारे साहू के अनुसार गणेश कुमार कौशले 48 अपनी पत्नी रेवती बाई 40 निवासी भैंसा पसरा बलौदाबाजार के साथ बाइक से बलौदा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक, जिसे मोहित वर्मा 40 निवासी गोढी टी भाटापारा ग्रामीण निवासी भाटापारा की ओर जा रहा था, से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई।हादसे में गणेश कुमार कौशले और मोहित वर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, गणेश की पत्नी रेवती बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल बलौदा बाजार में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### तार जोड़ते पूर्व सरपंच की करंट से गई जान

**जगदलपुर/भानपुरी।** बस्तर जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हली में बुधवार दोपहर खेत में सिंचाई कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कुम्हली निवासी पूर्व सरपंच टीकम सिंह बघेल (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार करीब 12.30 बजे अपने खेत में धान रोपाई के लिए सिंचाई करने पहुंचा था। खेत में लगे मोटर पंप को चालू करने के लिए बिजली का कनेक्शन जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक विद्युत प्रवाहित हो गई और वे करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही टीकम सिंह गंभीर रूप से झुलसकर खेत में गिर पड़े। उनकी आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल बिजली का संपर्क बंद कराया और उन्हें खेत से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई।



**निधन**

### राजेंद्र व्यास

**राजनांदगांव।** लालबाग निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास (72) का बुधवार को निधन हो गया । वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार दोपहर 3 बजे उनके निज निवास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लालबाग से निकलेगी। अंतिम संस्कार स्थानीय लखोली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गायत्री स्कूल के प्राचार्य अंकित व्यास के पिता थे। वे अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया जारी, मेयर-अध्यक्ष का हो चुका

# बीरगांव, दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरौदा और जामुल सहित 10 जिलों के निकायों में आई चुनाव की बेला

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनावों का एक और दौर शुरू होने की बेला आ गई है। हालांकि इन निकायों में इस साल के अंत यानी दिसंबर में चुनाव होने वाले हैं, लेकिन इससे पहले वहां आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टरों को दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के 15 नगरीय निकायों (जिनमें 4 नगर पालिक निगम, 5 नगर पालिका परिषद तथा 6 नगर पंचायत शामिल हैं, जिनका कार्यकाल दिसंबर 2026 में समाप्त हो रहा है) के साथ ही दो नवगठित नगर पंचायतों के चुनाव होने हैं।

खास खबर

इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर में बुधवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों एवं शासन स्तर पर की जा रही आवश्यक कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के 10 जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।




राज्य निर्वाचन आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

#### वार्डों की संख्या तय करेंगे कलेक्टर

अवर सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टरों को अपने-अपने जिले के निकायों के लिए वार्ड संख्या का निर्धारण करना होगा। आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, इसका विस्तृत प्रस्ताव संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को प्रेषित करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों को विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा रहा है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

#### मेयर और अध्यक्ष का आरक्षण हो चुका

बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर संगीता ने बताया कि 15 नगरीय निकायों में महापौर एवं अध्यक्ष पदों का आरक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा वार्ड पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया जारी है। वहीं नवगठित नगर पंचायत तमनार में वार्ड आरक्षण तथा बड़ी करेली में वार्ड परिसीमन एवं आरक्षण की कार्रवाई प्रगति पर है। विभाग द्वारा दो वार्ड पार्षद पदों पर आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गई।

#### आरक्षण की जिम्मेदारी अब कलेक्टरों को

विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित जिलों के कलेक्टरों को वार्डों के आरक्षण हेतु 'विहित प्राधिकारी' नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम, 1994 के तहत जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करते हुए कलेक्टरों को वार्डों का आरक्षण कार्य पूरा करना होगा।

#### इन जिलों के नगरीय निकायों में होगा चुनाव

नगर पालिक निगम बीरगांव, दुर्ग- नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम रिसाली, नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा और नगर पालिका परिषद जामुल बेमेतरा- नगर पंचायत मारो खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई- नगर पालिका परिषद खैरागढ़ सारंगढ़-बिलाईगढ़- नगर पालिका परिषद सारंगढ़ ,सूरजपुर- नगर पंचायत प्रेमनगरकोरिया - नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर और नगर पालिका परिषद शिवपुरचरचा उत्तर बस्तर कांकेर- नगर पंचायत नरहरपुर सुकमा- नगर पंचायत कोण्टा बीजापुर- नगर पंचायत भैरमगढ़ और नगर पंचायत भोपालपट्टनम।

### आरोपियों से 102.750 किलो जब्त

## कार से 51 लाख की गांजा तस्करी, मप्र के दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर पुलिस द्वारा एक बार फिर गांजा तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के डस्टर कार में अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा लेकर देवभोग रोड होते हुए मैनपुर की ओर जा रही है। मुखबीर के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मैनपुर से पुलिस टीम रवाना कर झरियाबहरा तिराहा के पास पुलिस टीम को तैनात कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। सफेद डस्टर कार को बैरिकेड्स लगा कर रोका गया। वाहन में सवार व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर आर्यन मालवीय पिता हरीष मालवीय 20 वर्ष निवासी ईछावर थाना ईछावर जिला सिहोर म.प्र. और अभिषेक महेस्कर पिता जितेन्द्र महेस्कर 23 वर्ष ईछावर थाना ईछावर जिला सिहोर का रहने वाला बताया गया।

#### डस्टर व दो मोबाइल भी किया बरामद

सफेद रंग के डस्टर तलाशी लेने पर कार में रखे अवैध रूप से 102.750 किलो कीमती 51 लाख 37 हजार 500 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त सफेद रंग का डस्टर कार क्रमांक सीसी 04–के.डब्लू.–5689 कीमती 3 लाख 50 हजार व दो नग मोबाइल कीमती 11 हजार 500 रूपये। कुल जब्ती – 54 लाख 99 हजार रूपये को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी आर्यन मालवीय एवं अभिषेक महेस्कर का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटि एक्ट का पाये जाने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### खोंगसरा से पेन्ड्रा के बीच की घटना

## ट्रेन का हार्न सुनकर लाइन पुल से नीचे कूद गया भालू, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन का हार्न का सुनकर लाइन पर खड़ा भालू डर गया और नीचे कूद गया। लाइन से करीब 20 फीट नीचे गिरने के कारण भालू को गंभीर चोट पहुंची, जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बिलासपुर से पेण्ड्रारोड सेक्शन में घने जंगल के बीच बनी रेल लाइन में प्रतिदिन वन्यप्राणियों के ट्रेन से टकराकर मौत होने की घटना हो रही है। रेल लाइन के अगल-बगल में किसी तरह की बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण जंगल के वन्यप्राणी लाइन पर आ जाते हैं। इसी तरह की घटना बुधवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन के खोंगसरा से टेंगनमाड़ा स्टेशन के बीच हुई। इन दोनों स्टेशन के बीच भनवारटंक के क्षेत्र बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम में हैं, जहां सुबह एक नर भालू का शव देखकर ग्रामीण एरिया में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने रेल लाइन में पुल के नीचे एक भालू को मरे हुए अवस्था में देखकर तत्काल वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और भालू का शव पोस्टमार्टम करने के लिए किनारे कराया। दोपहर को वन विकास निगम और वन विभाग बिलासपुर के अधिकारियों की उपस्थिति में तीन डॉक्टरों की टीम ने भालू का पोस्टमार्टम किया।

#### आपसी संघर्ष और ट्रेन की टक्कर से होने की आशंका

इसी बीच ग्रामीणों ने भालू की मौत आपसी संघर्ष और ट्रेन की टक्कर से होने की आशंका व्यक्त की। पोस्टमार्टम के बाद प्रारंभिक जानकारी मिली कि नर भालू की उम्र करीब 11 साल की है, जो रेल लाइन पर अचानक आ गया था। भालू को सामने से ट्रेन और उसके तेज हार्न सुनाई दिया, जिससे बचने के लिए वह लाइन से नीचे कूदा। इसकी वजह से भालू के सिर में गंभीर चोट पहुंची और लंग्स में खून भरने के कारण उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद भालू का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



#### नहीं मिली है पीएम रिपोर्ट

जिस स्थान पर भालू की मौत हुई है, वह स्थान रेलवे एरिया में आता है। बेलगहना रेंज में टेंगनमाड़ा के पास करवा बीट में भालू का शव मिलने के बाद तत्काल टीम को रवाना किया गया। पूर्व में सूचना मिली कि वह बुजुर्ग हो गया था या फिर दो भालू के बीच आपसी संघर्ष हुआ है, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। भालू का पोस्टमार्टम कर लिया गया है, इसकी अधिकारिक रूप से रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही भालू के मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। **-सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ, वन विकास निगम

### बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में तुमडीबोड पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया निवासी ग्राम दिवानभेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राहुल देशलहरे निवासी मचानपार एवं भागवत निषाद निवासी अर्जुनी ने उनकी पुत्री को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक तुमड़ीबोड़ में सहायक प्रबंधक तथा पुत्र को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक दिवानभेडी में क्लर्क के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर नगद एवं फोन-पे के माध्यम से कुल 1,15,000 रुपए प्राप्त कर न नौकरी लगाई और न ही राशि वापस कर धोखाधड़ी किया है।

## बोधघाट प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित पहली बार हासिल हुई बस्तर को यह उपलब्धि

*केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वार्षिक पुलिस थाना रैंकिंग में रहा अव्वल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बोधघाट थाना को छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित किया है। पहली बार बस्तर पुलिस के किसी थाना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान मिला है। हर वर्ष गृह मंत्रालय विभिन्न मानकों पर देशभर के पुलिस थानों का मूल्यांकन करता है। इन्हीं मानकों पर खरा उतरने पर बोधघाट थाना को यह सम्मान दिया गया है। सीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस और बस्तर पुलिस के लिए यह अत्यंत गौरव एवं सम्मान का विषय है कि वर्ष 2025 के लिए भारत सरकार के गृह



मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक पुलिस थाना रैंकिंग में बोधघाट थाना को राज्य का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित किया गया है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सहित बस्तर संभाग तथा बस्तर के लिए ऐतिहासिक है । गौरतलब है कि गृह मंत्रालय हर साल देशभर के पुलिस थानों का मूल्यांकन अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम, अनुसंधान की गुणवत्ता, सामुदायिक पुलिसिंग, जनसहभागिता, पुलिस अधोसंरचना, नवाचार, नागरिक-अनुकूल पुलिसिंग, अभिलेख संधारण तथा समग्र कार्य निष्पादन जैसे मापदंडों पर करता है। इन सभी बिंदुओं पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बोधघाट थाना को यह सम्मान प्रदान किया गया है।

#### गृह मंत्री शाह के नाम से जारी प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान आईजी ने दिया

बोधघाट थाना को मिले राष्ट्रीय सम्मान पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम से जारी प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान बस्तर के तत्कालीन आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम तथा वर्तमान आईजी बद्रीनारायण मीना द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौड़ एवं वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक तामेश्वर चौहान को एसपी शलभ कुमार सिन्हा तथा एएसपी महेश्वर नाग की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर तत्कालीन सीएसपी आकाश श्रीमाल तथा वर्तमान सीएसपी सुमीत कुमार धोत्रे भी मौजूद रहे।

### मामले में पिता को भी पुलिस ने बनाया है सह आरोपी

## नाबालिग बेटी को कार दी, दुर्घटना में 3 की मौत, पिता की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत के मामले में नाबालिग बेटी को वाहन की चाबी देने वाले पिता की याचिका को हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने आरोपी पिता रायगढ़ निवासी घनश्याम महिलाने के खिलाफ दर्ज एफआईआर, चार्जशीट और निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को निरस्त करने से इनकार कर दिया है। घटना 30 अक्टूबर 2025 की है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कापू रोड स्थित छला मोड़ खमहार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें कार की



चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई, दुर्घटना के समय कार को आरोपी घनश्याम महिलाने की नाबालिग बेटी लापरवाहीपूर्वक चला रही थी। मामले में पिता को पुलिस ने सह आरोपी बनाया है। पुलिस के मुताबिक यह जानते हुए भी कि बेटी नाबालिग है, कार की चाबी सौंपने और उसे गाड़ी चलाने की अनुमति देना खतरनाक है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105 व धारा 3(5) और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199ए, 184, 3/181 व 4/181 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। मामले में घनश्याम महिलाने की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता न तो वाहन का पंजीकृत मालिक है और न ही दुर्घटना के समय गाड़ी चला रहा था। अधिवक्ता ने घटना स्थल के पास के एक रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज और फॉरेंसिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया, घटना के समय गाड़ी नाबालिग बेटी नहीं, बल्कि अभिषेक भास्कर नामक बालिग व्यक्ति चला रहा था और बेटी बगल की सीट पर बैठी थी। याचिकाकर्ता शासकीय कर्मचारी है और एकतरफा जांच के कारण उसके कैरियर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, उसके खिलाफ पूरी कार्यवाही निरस्त की जाए।

#### हाईकोर्ट साक्ष्यों का परीक्षण या मिनी ट्रायल नहीं कर सकता

मामले की सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने कहा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट साक्ष्यों का परीक्षण या मिनी ट्रायल नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा पेश किया गया सीसीटीवी फूटेज और फॉरेंसिक रिपोर्ट उसके बचाव का हिस्सा है। इनकी प्रमाणिकता और सत्यता का फैसला निचली अदालत में ट्रायल के दौरान ही हो सकता है। डिवीजन बेंच ने कहा कि पुलिस चार्जशीट में स्पष्ट आरोप है कि पिता ने जानते हुए, नाबालिग को चाबी सौंपी थी। प्रथम दृष्टया अपराध की सामग्री मौजूद होने के कारण कार्यवाही रद्द नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के संज्ञान लेने के आदेश को सही ठहराते हुए याचिकाकर्ता को छूट दी है कि वह अपनी सभी दलीलें ट्रायल कोर्ट के समक्ष रख सकता है।

रायपुर
गुरुवार 9 जुलाई 2026
आषाढ़, कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 348
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 25.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# छत्तीसगढ़ में विदेशी 'कोनोकार्पस' पर रोक : सरकार ने कहा- अब नहीं लगेगा एक भी नया पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा फैसला लेते हुए पूरे राज्य में कोनोकार्पस प्रजाति के नए पौधे लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार का कहना है कि यह विदेशी और आक्रामक (इनवेसिव) प्रजाति स्थानीय जैव विविधता, प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र, भूजल संसाधनों और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। इसीलिए अब राज्य की सीमा में कोई भी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कोनोकार्पस पर एक नजर

- मूल रूप से विदेशी (तटीय) प्रजाति।
- तेजी से बढ़ने वाला सजावटी वृक्ष।
- कई राज्यों में बड़े पैमाने पर सड़क किनारे लगाया गया।
- विशेषज्ञों ने इसे इनवेसिव प्रजाति माना।
- छत्तीसगढ़ में अब नए पौधे लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध।

## सुप्रीम कोर्ट ने जैव विविधता, भूजल और जनस्वास्थ्य के लिए बताया था खतरा

**सभी सरकारी विभागों और निजी संस्थाओं पर आदेश तत्काल प्रभाव से लागू**



### सुप्रीम कोर्ट की समिति की रिपोर्ट बनी आधार

सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में गठित केंद्रीय सशक्त समिति की 21 अगस्त 2025 की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि कोनोकार्पस एक आक्रामक विदेशी प्रजाति है, जिससे स्थानीय वनस्पतियों को नुकसान पहुंच सकता है, प्राकृतिक पारिस्थितिकी असंतुलित हो सकती है, भूजल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और जनस्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी पैदा हो सकते हैं। इसी रिपोर्ट में नए पौधारोपण पर रोक लगाने, इसके प्रचार-प्रसार और बिक्री को नियंत्रित करने तथा पहले से लगे पौधों को चरणबद्ध तरीके से देशी प्रजातियों से बदलने की अनुशंसा की गई थी।

### आपत्तियां मंगाने की प्रक्रिया भी नहीं अपनाई

सामान्य तौर पर ऐसे आदेशों से पहले संबंधित पक्षों से आपत्तियां और सुझाव मांगे जाते हैं, लेकिन राज्य सरकार ने इस मामले में पर्यावरण संरक्षण के हित में तत्काल कार्रवाई को आवश्यक बताते हुए इस प्रक्रिया को लागू नहीं किया। आदेश में कहा गया है कि पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के प्रावधानों के तहत लोकहित में तत्काल निर्णय लेना आवश्यक था।

### शहरों में तेजी से बढ़ा था उपयोग

पिछले कुछ वर्षों में कोनोकार्पस का उपयोग छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में सड़क किनारे, डिवाइडरों, पार्कों, सरकारी परिसरों, आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक परिसरों की हरियाली बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर किया गया था। इसकी तेज वृद्धि और कम रखरखाव की वजह से यह लोकप्रिय हुआ, लेकिन बाद में इसके पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने गंभीर चिंताएं जताईं। इन्हीं आशंकाओं के चलते अब छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके नए रोपण पर पूरी तरह रोक लगाने का फैसला किया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक

# छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बिल बनाने वाला देश का पहला राज्य

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनिमय-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में व्यापार और उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, डिजिटल एवं समयबद्ध बनाना है। इस तरह का विधेयक लाने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बताया गया है कि इसके अंतर्गत डीम्ड परमिशन स्व-प्रमाणीकरण, तृतीय-पक्ष सत्यापन , जोखिम-आधारित निरीक्षण तथा दोहरे लाइसेंसिंग दायित्वों को समाप्त करने जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे निवेशकों के लिए अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाएं कम होंगी, कारोबार करने में सुगमता बढ़ेगी तथा राज्य में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिलेगी।

### डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था लागू होगी

मंत्रिपरिषद् ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के विद्युत उपक्रमों से खरीदी जा रही बिजली के भुगतान की सुरक्षा के लिए वर्तमान त्रिपक्षीय अनुबंध के स्थान पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### इस फैसले का ये होगा असर

इस निर्णय से एनटीपीसी सहित अन्य सीपीएसयू से विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित होगी तथा भुगतान सुरक्षा की व्यवस्था आरबीआई के वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप हो सकेगी। राज्य शासन पर इससे कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा, क्योंकि वितरण कंपनी द्वारा भुगतान की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी तथा आवश्यक होने पर पहले लेटर ऑफ क्रेडिट की व्यवस्था प्रभावी रहेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाइटर्स), फाइटर आरक्षक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2026 में महत्वपूर्ण संशोधन को स्वीकृति दी गई है।



### वन टाइम सेटलमेंट

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ) द्वारा आबंटित भूखंडों एवं निर्मित परिसरों पर देय ब्याज एवं अधिभार में राहत प्रदान करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना-2026 को मंजूरी दी है। इस योजना से पात्र आबंटितियों को निर्धारित शर्तों के तहत बकाया देयों के नियमितीकरण, परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने में मदद मिलेगी, जो विकास करने के इच्छुक है उनको अवसर मिलेगा और जो इच्छुक नहीं है, वे समय पर आबंटित भूमि को सरेंडर कर सकेंगे। इस निर्णय से मुकदमेबाजी में कमी आएगी, भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा तथा नवा रायपुर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मानसून सत्र में लाए जाने वाले 7 विधेयकों को कैबिनेट की मंजूरी

छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट ने मानसून सत्र में सात विधेयक पेश किए जाने को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले अनुपूरक बजट पर भी चर्चा की गई। राज्य सरकार ने जीएसटी लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने के साथ ही उससे संबंधित प्रावधानों में आवश्यक संशोधन को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के निर्णय के बारे में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। संशोधन में भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के विनियमन प्रकोष्ठ की अनुशंसाओं के अनुरूप निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधी प्रावधानों को अधिक व्यावहारिक, गुणवत्तापूर्ण और समकालीन बनाया गया है। इसके तहत निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विन्यास निधि के स्थान पर रक्षित निधि का प्रावधान ▶▶|शेष पेज 5 पर

- छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने को मंजूरी

# पूर्व एआरटीओ के घर मिला 13 किलो सोना, 1.62 करोड़ कैश



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी विजिलेंस टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापेमारी की। छापेमारी में करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ। इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम को 1.62 करोड़ रुपए नकद, करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी, हीरे के बहुमूल्य आभूषण और कई शहरों में स्थित संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए। केवल बरामद सोना, चांदी और आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए आंकी गई है। पूर्व एआरटीओ के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

- विजिलेंस टीम ने ललित कुमार के घर मारा छापा

### कई शहरों में संपत्तियों के दस्तावेज बरामद

जांच के दौरान विजिलेंस अधिकारियों को लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली समेत विभिन्न स्थानों पर स्थित आवासीय मकानों, प्लॉटों, कृषि भूमि और फ्लैट बुकिंग से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में इन अचल संपत्तियों का मूल्य करीब 13 करोड़ रुपए से अधिक आंका गया है। अधिकारियों का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर संपत्तियों की संख्या और मूल्य में और वृद्धि हो सकती है।


### कुल 20 करोड़ की संपत्ति

विजिलेंस टीम की तलाशी के दौरान घर से करीब 1.62 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी और हीरे के कीमती आभूषण भी मिले। अधिकारियों का कहना है कि इनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए है। बरामद आभूषणों और कीमती धातुओं का विस्तृत मूल्यांकन कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक कीमत का पता लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से अब दवा होगी आयात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई हवाई अड्डे को दवाओं के आयात की मंजूरी दी है। अब नवी मुंबई को उन हवाई अड्डों की सूची में शामिल कर लिया गया है, जिनके जरिए देश में दवाएं आयात की जा सकती हैं।



### 10 सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने आय के ज्ञात स्रोत से कहीं अधिक संपत्ति रखने के आरोप बुधवार को राज्य भर में कई जगहों पर 10 सरकारी अधिकारियों के परिसर पर एक साथ छापेमारी की। जिन अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की गई उनमें रायचूर में कृष्ण भाग्य जल निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता बासनगौड पाटिल; चित्रदुर्ग में कृषि अभियांत्रिकी विवि के सहायक प्रोफेसर शंकर एम; चित्रदुर्ग में वॉटरशेड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में रेंज वन अधिकारी डुगप्पा बी एच और बेंगलुरु में नरेंद्र कुमार शामिल हैं।

### करंट की चपेट में आने से चार की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में बुधवार सुबह करंट की चपेट में आने से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। घटना फलटण तालुका के खामगांव गांव में सुबह करीब छह बजे हुई। मृतकों की पहचान सतीश उर्फ पिसुर्दया किसन शिंदे (45), उनकी पत्नी गंगू शिंदे (40), बेटे सचिन शिंदे (26) और बेटी आरती शिंदे (24) के तौर पर की गई है।



### दुष्कर्म और हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**कोलकाता।** बारुईपुर में एक लड़की से दुष्कर्म और उसके बाद हत्या करने के मामले के मुख्य आरोपियों में से एक, बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। आरोपी की पहचान प्रभास मंडल के रूप में हुई जिसे इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। कथित दुष्कर्म और हत्या से पहले मंडल को सीसीटीवी फुटेज में लड़की के साथ देखा गया था। घटनाक्रम को समझने के लिए मंडल को मंगलवार रात 12 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर के सूर्यपुर ले जाया गया था।

# फिर युद्ध शुरू...अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर की एयरस्ट्राइक




होर्मुज में एक दिन पहले ईरान ने तीन पोत पर किया था हमला

एजेंसी ▶▶| दुबई

अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर हमले होने के बाद बुधवार तड़के ईरान पर 'जवाबी हमले' किए और ईरान को वैश्विक बाजार में कच्चा तेल खुले तौर पर बेचने की अनुमति देने वाले लाइसेंस को भी रद्द कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई के बाद जबाव में बहरीन और कुवैत पर हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर हमला किया था। अमेरिकी हमलों के तुरंत बाद ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह 'हर जरूरी कदम उठाएगा।' इससे युद्ध रोकने के लिए हुए अंतरिम समझौते के टूटने का खतरा बढ़ गया है और पश्चिम एशिया के फिर से व्यापक संघर्ष की चपेट में आने की आशंका पैदा हो गई है।

- होर्मुज में माइनस्वीपर तैनात करेगा नाटो, निशाने पर खर्ग द्वीप



### ट्रंप के बयान से और बढ़ा टेंशन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर रात में और हवाई हमले करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि युद्धविराम समाप्त हो गया है। ईरान के साथ फिर से सैन्य कार्रवाई की संभावना पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, हमने कल रात उन पर जोरदार हमला किया। संभवतः आज रात भी हम उन पर फिर से भीषण हमला करेंगे।

### भारतीय तेल टैंकर को भेजा वापस


अमेरिका की ओर से ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर ताजा हमले और इसके जवाब में बहरीन और कुवैत पर किए गए ईरानी हमले के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव फिर बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के कॉरिडोर से गुजर रहे एक भारतीय तेल टैंकर को वापस भेज दिया गया है। ये इंडियन टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ओमानी कॉरिडोर का इस्तेमाल करके होर्मुज क्रॉस कर रहा था, लेकिन इस पर ईरानी सेना ने विरोध जताया।

## बीएएमएस के लिए अधिसूचना जारी

# आयुर्वेद नीट के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह से पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा–प्री आयुर्वेद (नीट-पीए) की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत विद्यार्थी जुलाई के तीसरे हफ्ते में पंजीकरण करा सकते हैं। बयान के अनुसार, विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब संस्कृत सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा ▶▶|शेष पेज 5 पर



### साढ़े सात वर्षीय पाठ्यक्रम

केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि बीएएमएस पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े सात वर्ष की होगी। इसमें दो वर्ष का प्री-आयुर्वेद गुरुकुलम कार्यक्रम, साढ़े चार वर्ष का बीएएमएस पाठ्यक्रम तथा एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप शामिल होगी।

## शोपियां में सुरक्षा बलों का अभियान

# पहलगाम हमले की हिट लिस्ट में शामिल लश्कर कमांडर मारा गया

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक स्वयंभू कमांडर मारा गया। पहलगाम आतंकी हमले (अप्रैल 2025) के बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी 14 आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी भी शामिल था। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में मीमांदर इलाके में तीन जुलाई को तलाश अभियान शुरू किया था।



### आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ यात्रा के लिए लगाई गई चेहरा मिलान प्रणाली (एफआरएस) की मदद से आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है।

### पांच दिनों से इलाके की घेराबंदी

उन्होंने बताया कि पुलिस, सेना की 55 आरआर और 44 आरआर, तथा सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने पिछले पांच दिनों से इस इलाके की घेराबंदी की हुई थी, जिसके दौरान दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने बताया कि सेना की विशेष आतंकवाद विरोधी इकाई 'विक्टर फोर्स' ने घने बाग से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए, साथ ही इलाके में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई।

## सेंसेक्स 1,677.12 अंक और निफ्टी 516.65 अंक टूटा

# शेयर बाजार गिरा, निवेशकों के डूबे 8.96 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई, जिससे निवेशकों की संपत्ति 8.96 लाख करोड़ रुपए घट गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत टूटकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.61 प्रतिशत गिर गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण 8.96 लाख करोड़ घटकर 4,71,23,612.10 करोड़ रुपए रह गया।

## ट्रंप के बयान पर साइड इफेक्ट

### एशिया के बाजारों का ऐसा हाल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 5.35 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्की 2.11 प्रतिशत और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.49 प्रतिशत नीचे आया। हालांकि, हांगकांग का हैंगसेंग 2.99 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 393.19 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।



### क्यों गिरा बाजार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका हावी होने से कच्चा तेल फिर से चढ़ गया।

### एक्सपर्ट व्यू

विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में 'जोखिम से बचने' का रुख देखने को मिला। ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य में मालवाहक जहाजों पर ईरान के हमले के बाद ट्रंप ने अंतरिम शांति समझौते को समाप्त घोषित कर दिया जिससे भू-राजनीतिक तनाव फिर बढ़ गया है। कच्चे तेल की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की तेजी आई।

## चिंतन

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियाँ लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पंचायतीराज

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# ग्राम सभा ग्रामीण लोकतंत्र की आत्मा

ग्राम सभा गांव की ग्राम-संसद है, दूसरे शब्दों में ग्राम सभा गांव की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है, ग्राम सभा ग्राम पंचायत की आत्मा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (क) ग्राम सभा को पंचायतीराज व्यवस्था का नींव माना गया है, ग्राम सभा कभी भी भंग नहीं होती यह अजर और अमर है। संविधान का 73वां संशोधन ग्राम सभा को संवैधानिक संस्था के रूप में मान्यता प्रदान की है। ग्राम सभा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विकास योजना का निर्माण, लाभार्थियों एवं हितग्राहियों का चयन, बजट तैयार करने, नीतियों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन तथा निगरानी करने वाली शाश्वत संस्था है। ग्राम सभा के प्रभावी काम-काज से पारदर्शिता, जवाबदेही, समावेशी विकास में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो सुशासन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के 10 पेसा राज्यों (पंचायत उपबंध - अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों के लिये विशिष्ट उपबंध) में भी ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के अधिकांश राज्यों में पंचायत प्रतिनिधियों (सरपंच एवं वार्ड पंच) को ग्राम सभा में आवश्यक गणपूर्ति हेतु सीधे जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्डों से आवश्यक गणपूर्ति करायें। देश के अधिकांश राज्यों की ग्राम सभाओं में गणपूर्ति हेतु महिलाओं की न्यूनतम संख्या का भी निर्धारण किया गया है साथ ही वार्षिक कार्ययोजना, हितग्राहियों के चयन, वार्षिक बजट, लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा तथा प्रशासनिक रिपोर्ट के संदर्भ में गणपूर्ति होने पर ही संकल्प पारित किये जाने का प्रावधान निहित किये गये है, किन्तु इसके पश्चात भी विडंबना यह है कि ग्रामीण लोकतंत्र की इस नींव में ग्राम सभा के सदस्यों की भागीदारी कम हो रही है या अल्प भागीदारी हो रही है।

पंचायतीराज मंत्रालय हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान हैदराबाद द्वारा 30 जून 2026 को 400 ग्राम पंचायतों के 7790 लोगों पर किये गये शोध रिपोर्ट में ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी का सबसे बड़ा कारण सामाजिक, आर्थिक, संस्थागत एवं व्यावहारिक कारणों को माना गया है, जिसमें 55.50 प्रतिशत आजीविका और समय की कमी, 16.22 प्रतिशत जागरूकता और संचार से जुड़ी समस्या रहा है। ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम भागीदारी वाले समूहों में प्रवासी परिवार, युवा, बुजुर्ग, और महिलाएँ भी शामिल है। देश की ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी एवं कृषि कार्यों पर निर्भर है, जिसके कारण ग्राम सभा के सदस्य अपनी मजदूरी छोड़कर ग्राम सभा की बैठकों में नहीं आ पाते। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालसुब्रह्मण्यम और पंचायतीराज मंत्रालय के सचिव द्वारा भी ग्राम सभा में लोगों की कम या अल्प भागीदारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिक केन्द्रित सुशासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभा अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण है। जब तक गाँव का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा में उपस्थित होकर अपने गाँव के भविष्य के निर्णय हेतु उत्सुक नहीं होगा तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच संभव नहीं होगा। ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी के कई कारण है, जिसमें मुख्यतः बिना किसी साफ नतीजे वाली बार-बार होने वाली बैठकें, ग्राम सभा में की गयी शिकायतों का समाधान न होना, एक ही बात पर बार-बार चर्चा होना और ग्राम सभा द्वारा लिये गये निर्णयों पर कार्यवाही न होना या सीमित कार्यवाही होने के कारण लोगों का विश्वास ग्राम सभा के प्रति कम होना भी अल्प भागीदारी का कारण है। देश की ग्राम सभाएँ अधिक समावेशी, सहभागी, और निर्णयों को क्रियान्वित करने वाली बने इसके लिए ग्राम सभा का मूल्यांकन सिर्फ बैठकों के आयोजन के आधार पर नहीं बल्कि ग्राम सभा में चर्चा के बिन्दुओं या एजेन्डा की अहमियत, निर्णय लेने में पारदर्शिता और ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की तत्परता और ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्तावों के साफ तौर पर लागू होने के आधार पर करना होगा। जब तक ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों का धरातल पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा तब तक ग्राम सभा सदस्यों का विश्वास जितना संभव नहीं है। पेसा राज्यों में ग्राम सभा आयोजन के पूर्व पेसा मोबिलाइजर को घर-घर जाकर ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के प्रति जागरूक करना होगा। चूंकि पेसा राज्यों में ग्राम सभा प्रत्येक पारा, टोला और मोहल्ला में किये जाने का प्रावधान भी निहित है। इसलिए पेसा मोबिलाइजर की भूमिका महत्वपूर्ण है, ताकि पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। महिला जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्राम सभा सदस्यों, स्व-सहायता समूहों, लाइन विभाग के जमीनी कार्यकर्ताओं, युवा समूहों हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम सभा के सदस्यों को एकजुट कर ग्राम सभा की बैठकों का समय एवं तिथि तथा स्थान तय करना होगा, ताकि ग्राम सभाओं में ग्राम सभा सदस्यों की भागीदारी अधिक सुनिश्चित हो। पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्राम सभा सदस्यों का ग्राम सभा के प्रति विश्वास बढ़ाये जाने के लिए, ग्राम सभा के द्वारा लिए गये निर्णयों एवं फैसलों के क्रियान्वयन में हुए व्ययों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर सामाजिक अंकेक्षण करना होगा ताकि ग्राम सभा प्रासंगिक,

गाँव की लोकतांत्रिक आत्मा ग्राम सभा में निहित है, अतः विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति का ग्राम सभा तक पहुँच सुनिश्चित हो। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में जीवंत ग्राम सभा की भूमिका महत्वपूर्ण है, ग्राम सभा की जमीनी कार्यवाही समावेशी, सहभागी और सतत विकास को और मजबूती प्रदान करेगी, जिससे आत्मनिर्भर पंचायत का निर्माण होगा।

*- लेखक संकाय सदस्य (पंचायतीराज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित

**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित

**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रम्बानन मंदिर



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रम्बानन मंदिर' के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर में गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक स्थल



उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनों मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।

-**मायावती,** पूर्व सीएम, उत्तरप्रदेश

### भूस्खलन दुखद



वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।

-**मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### फुटबॉल वर्ल्ड कप




फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाजत है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहाँ तक कि सबसे मज़बूत लोग भी। खासकर वे जो सबसे ज़्यादा मज़बूत होते हैं।

-**शेखर कपूर,** फिल्मकार

## करंट अफेयर

### सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत का प्रतिनिधित्व करती है

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने कहा कि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण पोत 'आईएनएस सुदर्शनी' की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और आपसी संबंधों को प्रदर्शित करती है।



अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित हो रहे 'यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल फोर्थ 250' समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'आईएनएस सुदर्शनी' गर्व के साथ तिरंगा लहराते हुए चार जुलाई को न्यूयॉर्क पोर्ट पहुंची। प्रधान ने मंगलवार को बताया, 'आईएनएस सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत की शानदार परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है और भारतीय नौसेना की ताकत और कौशल को दिखाती है। यह भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत होते आपसी संबंधों का भी प्रतीक है।' आईएनएस सुदर्शनी का यह दौरा पोत के 10 महीने लंबे समुद्री अभियान 'लोकायन 2026' का हिस्सा है। भारत सरकार के एक बयान के अनुसार यह अभियान 'समुद्री सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सद्भावना बढ़ाने और सहयोगी नौसेनाओं के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## ऑफ बीट

### मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा।




लेकिन वैज्ञानिकों का ध्यान उनके मुंह के बेहद सक्रिय हिस्से 'ग्लोसा' पर गया। यह एक लंबी जीभ जैसी संरचना होती है, जिसकी मदद से मधुमक्खियां फूलों से रस चूसती हैं। प्रयोगों में शोधकर्ताओं ने भौंरों (बम्बलबी) को अलग-अलग स्वाद वाली छोटी-छोटी बूंदें दीं और उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा। जब एक मधुमक्खी को चीनी का घोल दिया गया तो उसने तेजी से अपनी ग्लोसा बाहर निकाली और उसे पी लिया। लेकिन हैरानी तब हुई जब घोल खत्म हो गया और उसे देने वाली पाइपेट हटा ली गई। इसके बाद भी मधुमक्खी कुछ समय तक अपनी ग्लोसा को बाहर निकालती और अंदर करती रही।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# रामलला का लिया आशीर्वाद शुरू की श्री रामभूमि की शूटिंग

**मुंबई।** अनुपम खेर ने बुधवार से अपनी आगामी फिल्म 'श्री रामभूमि' की अयोध्या में शूटिंग शुरू कर दी है। लेकिन, फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले उन्होंने रामलला का आशीर्वाद लिया और साथ ही कुछ खास तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनुपम बेहद खुश नजर आ रहे हैं। अनुपम ने बताया कि उन्होंने यह आशीर्वाद अपने लिए, अपने परिवार और दोस्तों के लिए, अपनी फिल्म के लिए और अपने सभी चाहने वालों के लिए मांगा। अनुपम ने यह भी लिखा कि वहां जाकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और बहुत सुखद अनुभव हुआ। उन्होंने हजारों राम भक्तों के साथ मिलकर 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए।

लाइफ Style

# गीतिका



## सतलज में असरदार रोल की वजह से चर्चा में

हरियाणा में जन्मी और दमदार कंटेंट वाली फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग के लिए पहचानी जाने वालीं एक्ट्रेस गीतिका विद्या ओहल्यान, फिल्म 'सतलज' को ओटीटी से हटाए जाने को लेकर मचे विवाद के बीच, इस फिल्म में अपने असरदार रोल की वजह से फिर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गीतिका विद्या ओहल्यान हरियाणा की एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी नैचुरल और रियलिस्टिक एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने पारंपरिक ग्लैमर के बजाय ज़्यादातर कंटेंट-बेस्ड सिनेमा को चुना है, और इसी वजह से फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में उनकी एक मजबूत पहचान बनी है। फिल्मों में आने से पहले, गीतिका ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के किरोड़ीमल कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई की। कॉलेज के दिनों में, वह कॉलेज के ग्रुप 'द प्लेयर्स' के जरिए थिएटर से गहराई से जुड़ गईं, जहां उन्होंने नुक्कड़ नाटकों और स्टेज पर होने वाले नाटकों के लिए एक्टिंग की, उन्हें डायरेक्ट किया और उनके लिए स्क्रिप्ट भी लिखीं। गीतिका का सफर थिएटर से काफी हद तक आकार लेने वाला रहा। उन्होंने भारत के पहले बड़े बॉलीवुड म्यूजिकल 'जंगूरा' के लिए 300 से ज्यादा लाइव शो में भी काम किया, जिससे उन्हें फिल्मों और वॉइस वर्क में आने से पहले स्टेज का काफी अनुभव मिला। उन्होंने अपनी स्क्रीन की शुरुआत तारीफें बटोरने वाली फिल्म 'सोनी' से की, जिसने उन्हें ज्यादा लोगों तक पहुंचाया और अपनी दमदार कहानी के लिए तारीफ हासिल की।

## टीवी मसाला



# कई सरप्राइज लेकर आएगा मिसमैच्ड का नया सीजन

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'मिसमैच्ड' के चौथे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। इस रोमांटिक ड्रामा के नए सीजन के लिए एक्टर्स प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ ने काम करना शुरू कर दिया है। नेटफ्लिक्स ने एक छोटी वीडियो क्लिप के साथ यह जानकारी दी। नेटफ्लिक्स ने शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है। आने वाला सीजन इस शो का आखिरी चैप्टर भी होगा। जाने-पहचाने कलाकारों की वापसी के साथ सीजन 4 कहानी को तीसरे सीजन की घटनाओं से आगे बढ़ाएगा। तीसरा सीजन इस बात पर खत्म हुआ था कि डिंपल आहूजा और ऋषि सिंह शेखावत ने अपनी सगाई कुछ समय के लिए टाल दी थी ताकि वे अपने करियर पर ध्यान दे सकें। चौथे सीजन में रणविजय सिंह, विद्या मालवड़े, विहान समत, देवयानी शोरे, प्रिया बनर्जी, तारुक रैना, मुस्कान जाफरी, आकर्ष खुराना और एहसास चन्ना भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। मेकर्स का कहना है कि नया सीजन दर्शकों के लिए जाने-पहचाने चेहरे, नई यादें और कई सरप्राइज लेकर आएगा। संध्या मेनन के 2017 के नॉवेल 'व्हेन डिंपल मेट ऋषि' पर आधारित 'मिसमैच्ड' 20 नवंबर, 2020 को रिलीज हुई थी। इस सीरीज का दूसरा सीजन 14 अक्तूबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ। आकर्ष खुराना और निपुण धर्माधिकारी के डायरेक्शन में बनी यह रोमांटिक ड्रामा सीरीज ऋषि सिंह शेखावत की कहानी है, जिसे टेक विजार्ड डिंपल आहूजा से प्यार हो जाता है। प्राजक्ता कोली ने कहा, 'आखिरी सीजन के लिए 'मिसमैच्ड' के सेट पर वापस आना बहुत इमोशनल है। डिंपल मेरी सफर का एक बहुत बड़ा हिस्सा रही है और नेटफ्लिक्स पर उसकी कहानी का आखिरी चैप्टर बताने का मौका मिलना ऐसी चीज है, जिसके लिए मैं हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

## शिल्पा पर आकांक्षा ने साधा निशाना


**नई दिल्ली।** लॉक अप का दूसरा सीजन जबसे शुरू हुआ है तबसे शो काफी चर्चा में है। शो में हर दिन नए हंगामे देखने को मिलते हैं। अब हाल ही में शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें दिखाया गया कि श्रेया कालरा अपने कार्ड पावर का यूज करेंगी आकांक्षा चौधरी के खिलाफ उनका खाना रोक कर। दोनों के बीच लड़ाई होती है और यह मामला आगे ज्यादा बढ़ जाता है। श्रेया फिर आकांक्षा से माफी मांगने को बोलती हैं, लेकिन आकांक्षा मना कर देती हैं। इसके बाद आकांक्षा जैसे ही स्क्रीन को टच करती हैं खाने को ऑर्डर करने के लिए, श्रेया उन्हें रोक देती हैं और फिर हंगामा मच जाता है। श्रेया फिर उन्हें धमकी देती हैं कि दोबारा मुझे टच मत करना। मैं थप्पड़ मार दूंगी। वहीं, फिर बाद में आकांक्षा ने शिल्पा शिंदे की बिग बॉस जीत को लेकर तंज कसा और कहा, पिछले शो में रोटियां बेलते हुए शो जीता था, यहां रोटियां बेलने वाला सिस्टम नहीं है मैडम। हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं और बोलते हैं कि वह उनसे सीनियर हैं।





# किआरा-यश के बीच दिखी जबदस्त केमिस्ट्री

**नई दिल्ली।** फिल्म टॉक्सिक का पहला गाना तबाही रिलीज किया कर दिया गया है, जिसमें यश और बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के बीच जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। टॉक्सिक का सॉन्ग तबाही पहले मेकर्स की तरफ से अनाउंस कर दिया गया था। इसके फर्स्ट लुक पोस्टर को लेकर भी काफी बवाल मचा था। लेकिन, फिल्म की रिलीज डेट बदलने के चलते इसको रिलीज नहीं किया गया था। अब टॉक्सिक का तबाही गाना रिलीज कर दिया गया है, जिसकों हिंदी सहित, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में पेश किया गया है। फिल्म के इस गीत में अभिनेता यश और अभिनेत्री कियारा आडवाणी इंटीमेट रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।



# पर्दे पर दिखेगी क्रिकेट के दादा की कहानी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के सबसे लोकप्रिय कप्तान और क्रिकेटर सौरव गांगुली को जाना जाता है। लंबे समय से उनका नाम बायोपिक फिल्म को लेकर चर्चा में बना हुआ है, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव लीड रोल में मौजूद हैं। 8 जुलाई को सौरव गांगुली के बर्थडे स्पेशल के मौके पर बायोपिक मूवी दादा-द सौरव गांगुली स्टोरी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हुआ है। साथ ही मेकर्स की तरफ से इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। हिंदी सिनेमा के इतिहास में क्रिकेट के खिलाड़ियों पर लंबे समय से फिल्में बनती आ रही हैं। एमएस धोनी, कपिल देव और मोहम्मद अजरूद्दीन के बाद अब सौरव गांगुली का नाम भी इस फेहरिस्त में शामिल हो गया है। सौरव गांगुली की बायोपिक दादा का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। जिसमें एक्टर राजकुमार राव गांगुली के रोल में नजर आ रहे हैं।

## कैथरीन ने मोआना बनकर जीता दुनिया का दिल

**नई दिल्ली।** डिज्नी की मचअवेटेड फिल्म मोआना दर्शकों का दिल जीतने के लिए आ रही है। मोआना में मोआना का किरदार किसी और ने नहीं, बल्कि 19 साल की एक्ट्रेस कैथरीन लगाइया ने निभाया है। उन्होंने बताया कि, इस किरदार ने उन्हें सिर्फ एक एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी बदल दिया। जब उनसे पूछा गया कि उनकी मोआना दुनिया भर की उन यंग लड़कियों को क्या मैसेज देना चाहेगी तो इस पर कैथरीन ने कहा कि, फिल्म के सबसे इमोशनल रिलेशन दादी ताला और मोआना के बीच का जो रिश्ता है वही अटूट है और इसी का जिक्र यहां उन्होंने किया।

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034B देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

## इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा सं. : IRCON/2059C/CGRP/e-TENDER/26-27/Durgapur Feeder Route — दिनांक : 09.07.2026

छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में घरघोडा से गारे पेलमा तक स्पर लाईन सहित खरसिया से धरमजयगढ़ के मध्य नई बीजी विद्युतीकृत डबल लाइन रेल कॉरीडोर के संबंध में दुर्गापुर फीडर रूट के 25 केवी, 50 एचजैड, सिंगल फेज, ओएचई ट्रैक्शन सिस्टम कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 11,69,58,112/- |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.08.2026 को 15.00 बजे तक (आईएसटी) |

अधिक जानकारी हेतु, वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक / इलेक्ट्रिकल / सीजीआरपी, इरकॉन, प्रथम तल, एआरके, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495001

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/14/26/26, दिनांक 01.07.2026

| स. क्र. | टेण्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि व समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03262317 | ब्रेक बीम कम्पलीट विथ बुशेस फॉर बॉक्सएनएचएल | 24.07.2026 | 1412 नग |
| 2 | 03262647 | प्राईमरी वर्टिकल डम्पर | 27.07.2026 | 2618 नग |
| 3 | 03261442A | कि बॉल्ट विथ नट्, स्प्रिंग वाशर एण्ड स्पिलिट पिन फॉर कसनब बोगी | 20.07.2026 | 309349 नग |
| 4 | 04261901 | ईलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम रेगुलेटर युनिट | 17.07.2026 | 29 नग |
| 5 | 06260091 | रनिंग कॉन्ट्रेक्ट (आरजीसी) फॉर ईलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) एमके-व्ही विथ फ्लेट टॉए फॉर 60 केजी यूआईसी / 52 केजी रेल सेक्शन | 17.07.2026 | 11838287 नग |
| 6 | 02264077A | सेट ऑफ लेवीरिन्थ रिंग एण्ड बेयरिंग केप | 03.08.2026 | 406 सेट |
| 7 | 02263903 | एओएच मेंटेनेंस शिड्युल ऑफ नं.–32 चेंजर कंसिस्टिंग ऑफ 32 कॉमन आएटम | 17.07.2026 | 75 सेट |
| 8 | 06263010 | एचव्हीएन–66 इंसुलेटिंग लाईनर फॉर युज विथ पीएससी स्लीपर टू ड्रॉईंग नं. आरटी–2496 सुइटेबल टू 60 केजी (यूआईसी) /60ई1/52 केजी रेल्स | 21.07.2026 | 710000 नग |
| 9 | 06265032A | डिजाईग्न, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमिसनिंग एण्ड टेस्टिंग ऑफ ईओटी क्रेन, कैपेसिटी–30/8 टन सांईक्रोनाईज्ड विथ टेन्डम ऑपरेशन सिस्टम, फॉर सीबीआर–। (बाए–।) | 21.07.2026 | 2 नग |
| 10 | 06260120 | प्रोक्यूरमेंट ऑफ एनसीआर जीआरएसपी फॉर 1 इन 8.5 टर्नआउट | 17.07.2026 | 2085 सेट |
| 11 | 03263185 | "डोर एसेम्बली" | 03.08.2026 | 846 नग |
| 12 | 02264446 | माईकोप्रोशेसर बेस्ड ईलेट्रॉनिवोक स्पीड इंडिकेटर | 21.07.2026 | 22 सेट |
| 13 | 02261602 | मेटालाईज्ड कार्बन स्ट्रिप ऑफ ईलेक्ट्रिक लोको / ईएमयु, पांतोग्राफ एज पर आरडीएसओ' एस स्पेसिफिकेशन | 22.07.2026 | 1246 सेट |
| 14 | 03261522 | एडाप्टर (नारॉवजॉव) क्लास 'ई' 6" X 11" एज पर आर.डी.एस.ओएस ड्रॉईंग | 22.07.2026 | 164364 सेट |
| निविदा खुलने/बंद होने का समय:- 10.30 बजे | | | | |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/पीएच/264 — कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

जालिम लोशन
www.zalimlotion.in
दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए उपयोगी
मेडिकल स्टोर से आज ही खरीदें

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बडों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कमर में हो अकड़न और दर्द

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।



**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स सजेशन




डॉ. बी. ए. चौरसिया
कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क





अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत हैं कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्सट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

### इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ व ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपिटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिसः** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरियाः** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री)ः** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटीः** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है। चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंगः** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजाः** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

### इलाज के बारे में

- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

### तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय

- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।



- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

## डाइट

राजकुमार दिनकर

# जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजहः** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुननाः** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलावः** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *

## ट्रीटमेंट



डॉ. देवेंद्र कुमार
दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

# आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर

दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

### क्या है पोस्ट एंड कोर

**पोस्टः** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोरः** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

### क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।



### क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

**प्रस्तुतिः सुषमाश्री**



## जैकेट के शेष

### 'झमाझम' के बीच ....

नहीं होने पर ग्रामीण इंद्रदेव के कुपित होने एवं उन्हें प्रसन्न करने के लिए परंपरानुसार मेंढक-मेंढकी का विवाह रचा रहे हैं। सूरजपुर जिला अंतर्गत प्रतापपुर तहसील में अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम बारिश होने के कारण किसान काफी चिंतित है। ग्राम पंचायत खुंशी के ग्रामीणों का मानना है कि इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर ही पर्याप्त वर्षा होती है जबकि उनके नाराज होने पर कम या अत्यधिक वर्षा होती है। क्षेत्र में कम वर्षा होना इंद्रदेव की नाराजगी का प्रतीक है। इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों ने मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाने का निर्णय लिया तथा सरपंच रामजय रते को स्थिति से अवगत कराया तो पुरखों की परंपरा का पालन करने के लिए तुरंत तैयार हो गए। गांव के सभी लोगों को सूचना दी गई। मानसून की बेरुखी से परेशान ग्रामीण भी तैयार हो गए तथा सामर्थ्य के अनुसार भोज के लिए चावल, दाल, सब्जी सहित अन्य सामग्रियों को जुटाने लगे जबकि सरपंच जयरते ने अन्य सभी जरूरतें पूरी करने की जिम्मेदारी संभाली गांव के बैगा जयनाथ ने विवाह के पूर्व चार दिनों तक मण्डप मटकोड़ सहित अन्य रस्मों की तिथि तथा पांचवें दिन विवाह की तिथि निर्धारित की। बैगा द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ग्रामीणों ने सभी रस्मों को पूरा किया तथा मंगलवार को धूमधाम से बारात निकालकर मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाया गया।

### सुहागरात के लिए ....

में आ गया है। रेलवे ने इस मामले को सुरक्षा के लिहाज से एक गंभीर चूक माना है। इस लापरवाही के आरोप में संबंधित स्टाफ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए पूरे मामले की विस्तृत विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### कांग्रेस के खजांची ....

गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड ले सकती है। इसके बाद उससे तीनों घोटालों में मनी ट्रेल के बारे में जांच एजेंसी पूछताछ करेगी। ईओडब्लू, एसीबी की पूछताछ के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी भी रामगोपाल को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ कर सकती है। फरारी के दौरान वह कहां-कहां रहा, किन किन लोगों के संपर्क में रहा, उससे जांच एजेंसिया पूछताछ करेगी।

**बेटे से लगातार पूछताछ के बाद सफलता** : रामगोपाल अग्रवाल को पकड़ने ईडी के साथ ईओडब्लू, एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही थी, बावजूद इसके दोनों जांच एजेंसियों को किसी तरह से कोई क्लू नहीं मिल रहा था। इसके बाद ईओडब्लू ने उसकी पतासाजी करने बेटे को लेकर कई दौर की पूछताछ की। बताया जा रहा है, जांच एजेंसी के दबाव में आकर रामगोपाल ईओडब्लू के ऑफिस में सरेंडर करने पहुंचा। **आधा दर्जन वारंट** : कोल, कस्टम मिलिंग के साथ शराब घोटाला मे रामगोपाल अग्रवावल के खिलाफ ईडी तथा ईओडब्लू, एसीबी के विशेष न्यायालय ने आधा दर्जन वारंट जारी किया है। कोर्ट से फरार घोषित किया गया है। पूछताछ के बाद घोटाला में और कौन-कौन लोग शामिल थे, घोटाले की रकम किन-किन लोगों तक कैसे पहुंची और पहुंचाई गई, पूछताछ के बाद इसका खुलासा होगा।

### होटल में प्रेमी ने ....

बजाता था। अपने घर से शदाब मंगलवार शाम सुपेला के होटल में पहुंचा था। जहां अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रुका, कुछ समय बाद होटल के कमरे से शादाब का शव मिला। परिजन और दोस्तों का कहना है कि शादाब के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। जिस हालत में उसका शव मिला, उसे देखकर आत्महत्या की बात पर भरोसा नहीं हो रहा है। पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग परिवार के लोगों ने की है। मृतक शादाब की उम्र 19 वर्ष है जबकि उसकी गर्लफ्रेंड 23 साल की है। परिजनों का आरोप है कि गर्लफ्रैंड ने शादाब को बेल्ट से मारा फिर खुद का हाथ और गर्दन ब्लेड से काटकर उसे धमकाने लगी थी। मृतक के दोस्तों के मुताबिक शादाब का पुरानी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो चुका था। मृतक को मोबाइल और सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया था। दोनों के बीच लंबे समय से बातचीत बंद थी। जिस दिन शादाब होटल में था, उसी दिन उसकी पुरानी गर्लफ्रेंड का कॉल आया था। इसे लेकर नई गर्लफ्रेंड नाराज हो गई। फिर दोनों के बीच में विवाद हुआ। इसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली।

### होटल से बाहर निकलते .....

11.30 बजे शादाब के दोस्त होटल पहुंचे थे। दोनों को होटल से चेक आउट करना था, लेकिन कमरे का दरवाजा नहीं खुला। दोस्तों ने करीब दो-तीन घंटे तक इंतजार किया। अल्ताफ के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे युवती अकेले कमरे से बाहर निकली। कुछ देर बाद फिर कमरे में चली गई। जो होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

### नई किताब में ....

की संशोधित पाठ्यपुस्तक 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे' जारी की, जिसमें विवादित हिस्सों को हटा दिया गया है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में विवादित हिस्सों के साथ-साथ अदालतों में लंबित मामलों और दो अहम न्यायिक फैसलों से जुड़े संदर्भों को हटा दिया गया है, जबकि जनहित याचिका, न्यायाधिकरणों और वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र से संबंधित नयी सामग्री शामिल की गई है।

## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ में विदेशी ...

व्यक्ति, सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्त संस्था या निजी एजेंसी इस प्रजाति का नया वृक्षारोपण नहीं कर सकेगी। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 6 जुलाई को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा-5 के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### वन टाइम सेटलमेंट...

में निवेश एवं विकास गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा राजनांदगांव में 2000 सीट क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए आवश्यक शासकीय भूमि के आबंटन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

### मानसून सत्र में लाए जाने ...

लागू करने से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा सकेंगे। इसमें आधारभूत अधोसंरचना, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं को यूजीसी एवं सक्षम नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। संशोधन से राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा।

**राजस्व मंडल को स्थानांतरित किए जाएंगे अधिकरण के मामले** : उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी है। संशोधन के माध्यम से छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने के साथ ही उससे संबंधित प्रावधानों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। जीएसटी लागू होने के बाद वैट संबंधी द्वितीय अपीलों के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है और राज्य में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना भी हो चुकी है। ऐसे में पृथक वाणिज्यिक कर अधिकरण की आवश्यकता नहीं रह गई है। संशोधन के बाद अधिकरण में लंबित प्रकरणों का स्थानांतरण राजस्व मंडल को किया जाएगा, जिससे अपीलों के निराकरण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं अधिक प्रभावी हो सकेगी।

**उद्योगों के लिए रिफंड प्रक्रिया होगी पारदर्शी** : कैबिनेट में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य जीएसटी कानून को सरल बनाना, अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं को आसान बनाना तथा करदाताओं, विशेषकर निर्यातकों और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर वाले उद्योगों के लिए रिफंड प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाना है। इससे कर प्रशासन अधिक प्रभावी होगा, करदाताओं को सुविधा मिलेगी साथ ही राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

**निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने विधेयक** : कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य राज्य में निवेश को बढ़ावा देना, उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस संशोधन विधेयक के प्रारूप को तैयार करने में अन्य अग्रणी राज्यों की औद्योगिक नीतियों का भी अध्ययन किया गया है। इससे निवेश प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

**पर्यावरण के छोटे उल्लंघन अपराध की श्रेणी से हटेंगे** : कैबिनेट ने जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य में अंगीकार करने के लिए विधानसभा में संकल्प प्रस्तुत किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भारत सरकार द्वारा लाए गए इस संशोधन का उद्देश्य पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इसके तहत छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से हटाकर उन पर आर्थिक दंड का प्रावधान तथा दंड निर्धारण एवं अपील की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।

**भाड़ा नियंत्रण विधेयक के प्रारूप को मंजूरी** : कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिनियम, 2011 (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य खाली मकानों को किराये पर देने को बढ़ावा देना और किरायेदारी से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस संशोधन में भवन स्वामी और किरायेदार के अधिकार व दायित्व स्पष्ट किए गए है, साथ ही संपत्ति प्रबंधक, किराया प्राप्ति, अधिकरण के अध्यक्ष की पदावधि और न्यायालय शुल्क से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए गए है। यह संशोधन भारत सरकार के आदर्श किरायेदारी अधिनियम, 2021 के अनुरूप है।

### आयुर्वेद नीट के लिए जुलाई के...

उत्तीर्ण विद्यार्थी प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम में प्रवेश लेकर आगे 'बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी' (बीएएमएस) की पढ़ाई कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) से अनुमोदित है और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न आयुर्वेद गुरुकुलों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि नीट-पीए के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जुलाई के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगा और परीक्षा का आयोजन अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के प्रथम सप्ताह में देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

# 'ल्हासा से प्रंबनान मंदिर तक केवल शिव नाम की ही गूंज, यात्रा पर जरूर आएं भारतीय'

## योग्याकार्ता में परियोजना पट्टिका के अनावरण कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अपनी इंडोनेशिया यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संयुक्त रूप से योग्याकार्ता में प्रतिष्ठित प्रंबनान मंदिर परिसर का दौरा कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए शुरू की जाने वाली परियोजना की शुभारंभ पट्टिका का अनावरण किया। जो कि एक मुस्लिम देश में करीब 1200 साल पुराने हिंदू मंदिर का भारत द्वारा कायाकल्प करने से जुड़ी हुई एक ऐतिहासिक परियोजना है। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था और हर जगह उनसे मिलने का सौभाग्य मिलने का उल्लेख किया। अपने कुछ पूर्व और वर्तमान के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ल्हासा में कैलाश मानसरोवर की यात्रा से लेकर यहां प्रंबनान के पवित्र मंदिर तक आने में मुझे केवल एक ही मंत्र, महामृत्युंजय की गूंज और ओम नमः शिवाय का जाप ही सुनाई दे रहा है। हर कोई इन्हीं का उच्चारण कर रहा है और ये अपने आप में हृदय को स्पर्श करने वाला है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। यहां बता दें कि बीते 6 जुलाई से प्रधानमंत्री अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में इंडोनेशिया पहुंचे थे।

### सांस्कृतिक विरासत के होंगे दर्शन

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेरी यात्रा का तीसरा दिन है। लेकिन यहां के जीवन, बातों और यहां तक की इस देश की हवा में एक संस्कृति की खुशबू है। जो हम भारत की धरती पर पल-पल अनुभव करते हैं। ये खुशबू हमारी सांस्कृतिक विरासत अपनत्व से जोड़ती है। उन्होंने इंडोनेशिया के आम लोगों, अब तक रहे शासकों का इस विशाल मंदिर परिसर विरासत को श्रद्धाभाव से संभालने, संवारने को लेकर हृदय से धन्यवाद जताया।

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सूचना**

**प्रकाशनः** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/योजना/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर/(E-235790), दिनांक 01.07.2026.

**विषयः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डीपीआर (DPRS) के पीयर रिव्यू (Peer Review) के लिए सेवानिवृत्त आईआरएसई (IRSE) अधिकारियों का नियोजन।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 23.07.2026 को 18:00 बजे तक।**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डीपीआर (DPRS) के पीयर रिव्यू (Peer Review) के लिए सेवानिवृत्त आईआरएसई (IRSE) अधिकारियों का नियोजन की आवश्यकता है। विस्तृत जानकारी/दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत उप–मुख्य अभियंता/ निर्माण/ योजना/दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, बिलासपुर – पिन: 495004 अथवा उपरोक्त सूचना जो हमारी वेबसाइट secr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर देख सकते है।

*उप मुख्य अभियंता/निर्माण/योजना/*
सीपीआर/10/पीएच/262 बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विद्युत कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र.: 23-सीईई-सी-एसईसीआर-2026, दिनांकः 30.06.2026. **कार्य का नामः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन में ROB-Ex Gurda और KHS-JDI 5वीं लाइन सेक्शन के बीच इलेक्ट्रिकल से जुड़े सामान्य कामः इसमें पावर लाइन क्रॉसिंग में बदलाव, यार्ड और सेक्शन में LT/HT इन्फ्रिजमेंट (बाधा) को हटाना और अन्य इलेक्ट्रिकल काम शामिल हैं।" **निविदा मूल्यः** ₹ 2,19,87,539.83 (₹ दो करोड़ उन्नीस लाख सत्तासी हजार पाँच सौ उनतालीस और तिरासी पैसे) मात्र। **बयाना राशिः** ₹ 4,39,800/- (₹ चार लाख उनतालीस हजार आठ सौ) मात्र।

**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 23.07.2026 को 15:30 बजे। निविदा खुलने की तिथि व समयः 23.07.2026 को 15:45 बजे। कार्य पूर्ण होने की अवधिः** स्वीकृत का पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) माह।

**वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थानः** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ ई–निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई–निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*उप मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण)/*
सीपीआर/10/पीएच/258 मुख्या./बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**क्र.सं. (1) निविदा सं.: एसईसीआर एचक्यू इंजी टीएम-पीओएच-2026-04**

**कार्य का नामः** एस.ई.सी.आर. में बी.सी.एम. 361, बी.सी.एम. 722, यूटीवी-026 तथा यूटीवी-014 का आवधिक ओवरहॉलिंग (पी.ओ.एच)।

**मूल- निविदा मूल्यः रू. 2,66,66,838.03/-, ईएमडीः 5,33,300.00/-, संशोधित- निविदा मूल्यः 2,66,19,086.99/-, ईएमडीः 5,32,400.00/-, निविदा बंद होने की तिथि और समयः 20/07/2026 को 11.00 बजे।**

निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों की पुरी जानकारी के लिए निविदाकर्ता www.ireps.gov.in वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं। ईनिविदा के विरूद्ध मैन्युअल निविदाएं पर विचार नहीं किया जाएगा।

*कार्य. इंजीनियर/टीएम/एच.क्यू.*
सीपीआर/10/269 द.पू.मध्य रेलवे
South East Central Railway @secrail

---

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**कार्यपालन अभियंता, वि./यां. मिनीमाता बांगो, संभाग माचाड़ोली, मुख्यालय- कटघोरा कोरबा (छ.ग.)**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**संशोधन क्रं.- 3**

निविदा सूचना क्रमांकः 01/ व.ले.लि./ 2026-27, दिनांक 17/06/2026 निविदा सिस्टम क्र. 193639 जशपुर जिले के सिंचाई योजना के गेट मरम्मत एवं वि. / यां. संरचना के कार्य में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

| S. No. | Item | Previous issue | Amendment |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time: (The date and time from which bidders start preparation) Submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed) | Date 24/06/26 (Time 17:31) | Date 10/07/26 (Time 17:31) |
| 2 | Bid Due date & time (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | Date 08/07/26 (Time 17:30) | Date 24/07/26 (Time 17:30) |
| 3 | Bid Open, Start date & time (The date of opening of Envelope - A & B online) | Date 09/07/26 (Time 11:30) | Date 27/07/26 (Time 11:30) |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

विज्ञापन .क्र. 262701566 दिनांक 17.06.2026

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. मिनीमाता बांगो संभाग,
माचाडोली,मुख्या. कटघोरा (छ.ग.)

G-262701976/6

---

**CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)**
**REGD. OFFICE: SECTOR 24, BLOCK NO. 07 A, THIRD FLOOR, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR (C.G.) - 492015**

**Tender No: MLS/Raipur/Operations/3/26-27/ET/3 [CMDC Sand Tender Empanelment Date: 09.07.2026**

**-::: NOTICE INVITING TENDER :::-**

Online and sealed tenders are invited from experienced parties for "Empanelment of Agencies for Preparation & Approval of Quarry Plan and Obtaining Environment Clearance of Sand Blocks".

1. The Tender Document will be available for download at the cost of **RS. 10,000 + RS. 1,800 (18% GST) (TOTAL RS. 11,800) (RUPEES ELEVEN THOUSAND EIGHT-HUNDRED ONLY).** The Tender Document can be viewed and downloaded from the website of MSTC Ltd namely https://mstcecommerce.com /eprocn/ from **09/07/2026** to **07/08/2026** up to **3.00** P.M. against payment of the above cost of Tender Document. Bidders shall not be allowed to bid without paying the above-mentioned Tender Fee. The cost of the Tender Document is non-refundable.
2. For clarification of the issues related to the tender pre bid conference will be held in CMDC's H.O. on **20/07/2026** at 3.00 P.M.
3. The last date for online submission of Bid Document is **07/08/2026** up to **3.00** P.M. The hard copies of the Technical Bid only should be submitted to the CMDC's office on or before **07/08/2026** up to **3.00** P.M. Technical Bid will be opened on the same day at **4.00** P.M. at CMDC's Head office, Sector 24, Block No. 07 A, Third Floor, Atal Nagar, Nava Raipur (Chhattisgarh)-492015.

For further clarifications Chief General Manager, CMDC, Raipur may be contacted at 0771-2960539 (E-mail: cmdcraipur@gmail.com).

4. Notice Inviting Tender (NIT) and Tender at a glance can be viewed and downloaded from the CMDC's website www.cmdc.co.in
5. Notice Inviting Tender is in brief. For further details, the Bidder shall refer the Tender Document.

S-48399/1 **Managing Director**

---

**कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

**धमतरी, दिनांक 30/06/2026/16518**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 20250313040004 / अ-82 / 2024-25, चूंकि राज्य शासन को यह प्रतित होता है कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि ए.डी.बी. लोन-3 परियोजना अंतर्गत बुढ़ेनी-नयापारा, परसवानी, मगरलोड, मोंहदी, बोरसी, भोयना मार्ग का पुर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 ( जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है-

:: अनुसूची ::

(1) भूमि का वर्णन -
(क) जिला - धमतरी
(ख) तहसील - धमतरी
(ग) ग्राम - अरौद
(घ) क्षेत्रफल - 0.0412 हे.

| क्रमांक | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (हे. मे.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 1250 | 0.0170 |
| 2 | 1253 | 0.0072 |
| 3 | 1254 | 0.0070 |
| 4 | 1251 | 0.0100 |

(3)भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है। (4) पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक / अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी के कार्यालय में पुनर्वास योजना का अवलोकन किया जा सकता है।

(पीयूष तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) एवं भू-अर्जन अधिकारी
धमतरी, जिला - धमतरी (छ.ग.)

( अबिनाश मिश्रा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-262701972/1

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**क्र./1425/लो.नि.शा./न.पा.प./2026** **अमलेश्वर, दिनांक 08/07/2026**

**मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15वें वित्त आयोग टाईड ग्राण्ट के पेयजल प्रबंधन घटक अंतर्गत प्राप्त राशि से मैनुअल निविदा फार्म "ए" में प्रतिशत दर पर P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015 में पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रूपये लाख में) | निविदा विवरण तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थलों में 12 नग रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य। | 3.84 | निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि एवं समय- 31/07/2026 को दोपहर 3.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय-** 31/07/2026 को शाम 4:00 बजे तक |

**टीप :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की विस्तृत निविदा शर्तें कार्यालय के लो.नि.शा. से कार्यालयीन समय में प्राप्त/देखी जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईट http://www.cguad.gov.in पर प्राप्त/देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें"

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर**

---

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

**निविदा आमंत्रण तिथि :- 07.07.2026**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्रं. 01 अम्बिकापुर, स.क्रं. 02,03 जशपुर, स.क्रं. 4 सूरजपुर एवं स.क्रं. 05 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्रं. 01 से 4- 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार स.क्रं. 05 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - स.क्रं. 1,2 - 22.07.2026 एवं स.क्रं. 3 व 5 -28.07.2026

| सरल क्र. | एन.आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 127 | जिला सरगुजा विकासखण्ड अम्बिकापुर के सकालो में हाई स्कूल भवन निर्माण का शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 17.57 |
| 2 | 128 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | 50.00 |
| 3 | 129 | लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में इमल्शन बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 |
| 4 | 130 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सूरजपुर एवं प्रेमनगर अंतर्गत पेटी बाजार आईटम सप्लाई कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 |
| 5 | 131 | जिला कोरिया अंतर्गत आई टी आई कटगोड़ी में 50 बिस्तरीय हास्टल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित । (प्रथम आमंत्रण) | 169.34 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

G-262701984/3

---

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

---

## शब्द पहेली - 6281

**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

गिलार

### शब्द पहेली- 6280 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6291

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

### सूडोकू नवताल - 6290 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# खाड़ी में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपए टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं।

## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH, DIST. - M.C.B. (C.G.)

### E-Procurement Tender Notice

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No./ 509/P.W.D./M.C./2026-27/ Dated: 08/07/2026

| System Tender No. | Name of Work/Discription of work | Probable Amount Of Contract | Bid Submission Due Date | Tender Status |
|---|---|---|---|---|
| 194991 | Construction of Additional Room at ward 20 Manendragarh (2nd Call) | 10.00 Lacs | Date 24/07/2026 Time 17.30 Hour | 1st Call |
| 194992 | Construction of Shamudhayik bhawan at ward 01 Manendragarh (2nd Call) | 19.34.00 Lacs | Date 24/07/2026 Time 17.30 Hour | 1st Call |

The Details Can Be Viewed And Downloaded Online Directly From The Government Of Chhattisgarh E Procurement And Urban Administration And Development Department Portal http://eproc.cgstate.gov.in On 03/07/2026 17:30 Hours (IST) On Wards. For More Details On The Tender And Bidding Process You May Please Visit The Above- Mentioned Portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH**
**DIST. M.C.B. (C.G.)**

## भारत सरकार / Government of India

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**Ministry of Corporate Affairs**
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

### प्रारूप संख्या एसटीके - 6
### सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

**सार्वजनिक नोटिस : ROC / C-PACE/STK-2/248 (2)/2026-27/676** **दिनांक: 01/07/2026**

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित **(7)** कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ** राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC3821337 | U55101CT2023PTC015273 | आरंग होटल्स एंड रिसॉर्टस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC3769271 | U66309CT2025PTC017481 | जे. पी. ए. ए. इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC3954624 | U62099CT2023PTC014803 | एनालिक्सएल्गो प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC4076017 | U45400CT2013PTC001171 | विवेक रियलवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |

**2.** इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

**3.** तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

**4.** यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

**रौनक अग्रवाल**
**उप पंजीयक**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**

CBC 07123/11/0291/2627

# अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में 'जोहार जगन्नाथ 2026' कार्यक्रम आज से

**रायपुर।** मध्य भारत के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोतवाली चौक स्थित एटी पैलेस में 9 से 16 जुलाई तक आठ दिवसीय धार्मिक महोत्सव 'जोहार जगन्नाथ 2026' का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन की शुरुआत से पहले अभियान के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में किया गया, जहां 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

संस्थान के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि 'जोहार जगन्नाथ' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं और भगवान जगन्नाथ के बीच आस्था एवं भावनाओं का सेतु है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1957 में रथयात्रा के शुभ अवसर पर ही अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की स्थापना हुई थी। ऐसे में इस अभियान के माध्यम से भगवान की सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक पहल से जुड़ने का आह्वान किया।



## श्रद्धालुओं से जुड़ने निकलेगा मनोकामना रथ

वहीं डायरेक्टर निकेश बरड़िया ने बताया कि इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की मनोकामना रथ रायपुर की विभिन्न कॉलोनियों, सोसायटियों और मोहल्लों में पहुंचेगा। रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं एकत्रित की जाएंगी तथा उन्हें श्री जगन्नाथ पुरी धाम से लाया गया पावन महाप्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

## 70वें स्थापना वर्ष पर रील प्रतियोगिता

संस्था के डायरेक्टर नितिन बरड़िया ने बताया कि संस्था के 70वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष रील प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी भगवान श्री जगन्नाथ से जुड़े प्रेरक प्रसंग अथवा संस्था से जुड़े अपने अनुभवों पर रील बनाकर भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को संस्था के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज को फॉलो कर रील को कोलैबोरेट और साझा करना होगा। सर्वाधिक लाइक और शेयर प्राप्त करने वाली रीलों को प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 11 हजार तथा तृतीय 5,100 रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### // निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 11/190980 | Construction of Outdoor Basket Ball Court at Swami Atmanand Govt. English Medium Aadarsh Mahavidyalay Atari, Raipur (C.G.) | रू. 14.41 लाख |
| 100/193511 | Changing of Paver Blocks in Garden Pathway & Water Proofing & Repairing Work at Science Center, Saddhu, Raipur (C.G.) | रू. 34.73 लाख |
| 116/193778 | White Washing, Colour Washing, Distempering etc. work at Govt. Quarters in Vijeta Complex Section, New Rajendra Nagar, Raipur | रू. 35.00 लाख |
| 122/193779 | White/Colour Washing of Various Residential and Non Residential Building Under Sub Div., Tilda-Neora, Block- Tilda, Distt.-Raipur (C.G.) | रू. 20.00 लाख |
| 120/193782 | Construction of Caretaker Residence and Section Office Cum Store Room at Rest House Dharsiwa, Dist: Raipur (C.G.) | रू. 16.35 लाख |
| 121/194503 | Construction of Shoulder in Km 3/10-4/4 of Shankar Nagar- Raipur-Palari-Balodabazar Road, Raipur (C.G.) | रू. 49.09 लाख |
| 112/194505 | Special Repair Work at Various Road Under Sub Division No. 03 Raipur | रू. 110.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.07.2026 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि.रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)**

G- 262701967/2

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 194579 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कबीरधाम वि.ख. पण्डरिया के भरतपुर से घोघरा मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। सी.सी.मार्ग। | 357.82 |
| 2 | 194650 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला राजनांदगांव (वर्तमान जिला- खैरागढ -छुईखदान-गण्डई) के प्रथम आमंत्रण राजनांदगांव कवर्धा पोडी मार्ग के कि.मी. 55/10 (राज्य मार्ग क्रं. 05) पर घिरघोरी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 431.32 |
| 3 | 194659 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कांकेर के संबलपुर - सिलपट मार्ग के कि.मी. 1/2 संबलपुर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 384.23 |
| 4 | 194666 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला रायगढ के छुईयापाली से भुईयापाली के मध्य कुरू नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 615.24 |
| 5 | 194668 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला रायगढ के रायगढ शहर केवडाबाडी बस स्टैंड से इंदिरा नगर मार्ग के मध्य लोकल नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 755.46 |
| 6 | 194669 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | रायगढ मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग में बालसमुन्द नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 757.47 |
| 7 | 194674 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला रायपुर के उरला पठारीडीह - बेरला मार्ग पर (एम.डी. आर. नं. 396) में खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1548.78 |
| 8 | 194675 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर के बेलबहरा से लालपुर मार्ग पर सुखाड बुधरा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 499.73 |
| 9 | 194677 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला जांजगीर चांपा के पुराना एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1301.72 |
| 10 | 194678 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला बिलासपुर के सरसेनी - सागर मार्ग में घोंघा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 219.89 |
| 11 | 194679 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कोरबा के कोरबा रानीरोड सर्वमंगला मंदिर के मध्य हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1325.23 |
| 12 | 194671 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला रायगढ के बनोरा से डुमरपाली मार्ग में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 381.86 |
| 13 | 194672 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला रायगढ के चांदनी चौक से राजमहल के मध्य लोकल नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 399.83 |
| 14 | 194673 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला बस्तर के सिवनी से राजपुर मार्ग के कि.मी. 2/6 नारंगी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1560.38 |
| 15 | 194682 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर के पाराडोल से तेन्दुडांड मार्ग में हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 896.43 |
| 16 | 194687 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला मुंगेली के घुण्डुकापा पचोटिया मार्ग में रहन नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 331.20 |
| 17 | 194483 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | सकरबोगा से महापल्ली मार्ग में बडा रेलिंगवाल पुल निर्माण कार्य। | 244.29 |
| 18 | 194698 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | गोपालपुर से भिखारीमाल (आंगनबाडी तक) मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 268.47 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 17 से सं.क्र. 18 दिनांक 24.07.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 23.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ,**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-262701980/4

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment**
**आवश्यकता**

**ऑफिस/फील्ड स्टाफ**

**आवश्यकता है-** रायपुर मोवा दुबे कॉलोनी रोड मौर्य भारत गैस एजेंसी में ऑफिस स्टाफ, फील्ड स्टाफ और डिलीवरी बॉय की जरुरत है। वेतन योग्यता अनुसार। **संपर्क करे:-8370002700, 9827152610.**(RO-823)

**मैकेनिकल इंजीनियर**

**आवश्यकता है-** भिलाई में फेब्रिकेशन उद्योग हेतु एक अनुभवी मैकेनिकल इंजीनियर की आवश्यकता है, जिसे कटिंग प्लान, प्रोडक्शन क्वालिटी तथा संबंधित तकनीकी ज्ञान हो। न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव जरुरी।- **7000629300, 9425550250.** (आरो न.-314)

**मैनेजर/टेलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** हार्मनी वेलनेस को अपने नए ब्रांच के लिए रिसेप्शनिस्ट, मैनेजर, एवं बैक ऑफिस टेलीकॉलर की आवश्यकता है, वेतन. 8000 से 15000 तक, **संपर्क - हार्मनी वेलनेस स्पा एंड सैलून, साईं मंदिर के पास, महावीर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ मो.91113-36222, 62625-57788.**(RO-4753)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** दो शिफ्ट में नाश्ता सेंटर सँभालने हेतु संपर्क करें कालिबाड़ी चौक ! एवं पार्ट फुल टाइम कार्य करने हेतु **संपर्क करें! 9009674222 / 7000596044.**(RO-279)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** कार एसेसरीज की दुकान मे काम करने के लिए जरुरतमंद लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे, **भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, रायपुर मोब. 8818933330, 8871997200.** (RO-042)

**आवश्यकता है-** ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है शुरुआती वेतन 8000/- महीना **संपर्क श्रीराम ऑटो एसेसरीज एम.जी. रोड रायपुर मोबाइल 9300627327.**(RO-881)

**घरेलु नौकर**

**आवश्यकता है-** रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000/- प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर **संपर्क:- 9109972720, 9109125252.**(RO-044)

**ऑफिस कार्य**

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क, 7880003160, 7880003190.**(RO-528)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**अकाउंटेंट/डिजाइनर**

**आवश्यकता है-** वेडिंग प्लानर कंपनी को अकाउंटेंट (अनुभवी या फ्रेशर दोनों), ग्राफिक डिजाइनर/पीपीटी एक्सपर्ट, टेलीकॉलर, साइट मैनेजर और सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है। **कॉल करें: 8480670000, 7828073173.**(RO-0134)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 07712425009.**(RO-907)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

**आवश्यकता है-** पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मिठाई कारीगर एवं भेल, सैंडविच, शेक कारीगर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं. रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर. मोबाइल: 9893397633.**(RO-16576)

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** सेंट जेवियर स्कूल (अवंती विहार, रायपुर) में सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है. 12- घंटे ड्यूटी, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- मोबाइल: 7828090392, 8319204585.**(RO-16577)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property**
**प्रापर्टी**

**प्लाट**

**प्लॉट बेचना है -** भाठागांव भर्री खार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में डायवर्सन प्लाट 600 फिट बेचना है लम्बाई 30 फ्रन्ट 20 फिट रेट 1500 प्रतिवर्ग फुट **संपर्क मों. :- 9754685471, 8823780696.पता परशु राम नगर रायपुर (छ.ग.)** (RO-882)

**प्लॉट बेचना है -** भिलाई पावर हाउस से मात्र 12–15 किमी की दूरी पर फार्महाउस प्लॉटर ₹ कीमतः 135 प्रति वर्गफुटर ₹ लोकेशनः नंदिनी अहिवारा, सुविधाएं 40 फीट चौड़ी WBM सड़क, हरियाली से भरपूर पौधा रोपण भिलाई पावर हाउस से **उत्कृष्ट कनेक्टिविटी शांत एवं प्राकृतिक वातावरण संपर्क करें:- 8882287253.** (आरो-045)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।







विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## Government Of Maharashtra

**Water Resources Department, The Executive Director, Maharashtra Krishna Valley Development Corporation (MKVDC), The Executive Engineer, Ujjani Dam Management Division, Address-Bhimanagar, Taluka Madha, Dist. Solapur. Email: eeudmd@yahoo.co.in Telephone No.: .....**

**E- Tender Notice No. 1** **E-Tender Notice Inviting EOI** **Date: 01/07/2026**

The Executive Engineer, **Ujjani Dam Management Division, Bhimanagar, Taluka Madha, Dist. Solapur**, through Maharashtra Krishna Valley Development Corporation (MKVDC), Water Resources Dept., Govt. of Maharashtra is inviting an Expression of Interest (EOI) from eligible organization for **"Seeking Concept Proposals on Development of Fisheries and other Aquaculture activities through granting fishing rights of MKVDC's Ujjani Reservoir for a period of 10 years"**.

| S.N. | Name of Project. | Document Fee (Rs.) |
|---|---|---|
| 01 | Seeking Concept Proposals on Development of Fisheries and other Aquaculture activities through granting fishing right of MKVDC's Ujjani Reservoir for a period of 10 years | Rs. 5,000 + GST (Non-refundable) |

1. The eligibility criteria for participation and procedure for selection are as per EOI document., 2. The Expressions of Interest (EOI) document can be downloaded, from 09/07/2026 to 07/08/2026. The complete EOI document can be viewed/downloaded from e-procurement portal of Government of Maharashtra **http://mahatenders.gov.in ("e-Procurement Portal")**. EOI must be submitted Online Only. Bid submitted through any other mode shall not be entertained., 3. The Applicant shall pay to the Authority a non-refundable Document Fee of INR 5,000/- (Rupees five thousand rupees only), towards EOI Document Fee inclusive of GST through the online payment gateway available on the e-Procurement Portal. (**"Document Fee"**).

The self-attested copy of the online payment of Document Fee shall be submitted by the Applicant along with its proposal in response to EOI. Payment of the Document Fee shall be treated as valid, subject to verification and acceptance by the Authority in accordance with the provisions of this EOI., 4. EOI Schedule is given below:

| S. N. | Event/Description | Date |
|---|---|---|
| 1 | Invitation of EOI Notice | 09/07/2026 to 07/08/2026 |
| 2 | Last date of submission of proposal in response to EOI/EOI Submission Date | On or before 07/08/2026, 17:00 Hours IST |
| 3 | Opening of EOI | On the same day or the next working day at 12.00 Hrs. IST in the office of the Executive Engineer mentioned below. |
| 4 | Pre- Submission Meeting and Presentation | On 27/07/2026 at 12:00 Hrs. IST in the office of the Chief Engineer mentioned below.The Chief Engineer (SP),Water Resources Department,Sinchan Bhavan, Solapur, Maharashtra 413003. |
| 5 | Authority Office Address | Executive Engineer,Ujjani Dam Management Division, Bhimanagar, Taluka Madha, Dist. Solapur. |

The Competent Authority reserves the right to reject any or all bids/EOI without assigning any reason. Conditional bids/EOI shall not be accepted.

**(S.U. Dumbre)**
**Executive Engineer,Ujjani Dam Management Division, Bhimanagar,Taluka Madha, Dist. Solapur.**

आरओसी 2026-27/ क्र.-5/ C-1573

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड ने मारी एंट्री



■ शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत

■ पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्जरलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्जरलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्जरलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।

### क्वार्टर फाइनल शेड्यूल

| मैच | डेट | समय |
|---|---|---|
| फ्रांस बनाम मोरक्को | 10 जुलाई | रात 1:30 बजे |
| स्पेन बनाम बेल्जियम | 11 जुलाई | रात 12:30 बजे |
| नॉर्वे बनाम इंग्लैंड | 12 जुलाई | रात 2:30 बजे |
| अर्जेंटीना - स्विट्जरलैंड | 12 जुलाई | सुबह 6:30 बजे |

### स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में

स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्जरलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज़ का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडिज के शॉट को बचा लिया। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था।

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी

**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।



# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

■ नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया

■ जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।



### रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वबिलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

### सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफ़ाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराया था।

### युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

### विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे लगातार आठवीं बार

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

## खबर संक्षेप

### हमारे हर गेंदबाज ने किया अच्छा प्रदर्शन

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है।



आर्चर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।' उन्होंने कहा, 'यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं। जबकि वहां, विकेट आसान होने और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।' आर्चर ने कहा, 'आईपीएल में कभी-कभी 200 रन भी सुरक्षित नहीं होते। लेकिन यहां 200 रन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। मुझे खुशी है कि सभी ने अच्छा योगदान दिया।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 19 वर्षीय युवा स्पिन गेंदबाज विटेल लॉज को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।



विटेल लॉज ने मौजूदा घरेलू सीजन से पहले आयोजित तैयारी शिविर में सीनियर टीम के साथ भी अभ्यास किया था। उन्होंने इस साल हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट अपने नाम किए थे।

विमेंस विंबलडन

# पाओलिनी को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में कोस्तयुक

एजेंसी ▶▶| लंदन

यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक ने अपने करियर के पहले विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोस्तयुक ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा और 9 मिनट तक चला। पहली बार सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए कोस्त्युक ने आक्रामकता दिखाई। उन्होंने 19 विनर्स लगाए, जिनमें कई शानदार रिटर्न विनर्स भी शामिल थे। इसने पाओलिनी को लगातार दबाव में रखा। कोस्त्युक ने दूसरे सेट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने अपने दमदार बेसलाइन गेम और सटीक रिटर्न का इस्तेमाल करते हुए सिर्फ 69 मिनट में जीत हासिल करते हुए ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की कर ली।





### नोस्कोवा ने पहली बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

विंबलडन में चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने एलिस मर्टेंस के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जो उनका पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल होगा, जहां उनके सामने यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होंगी। महज 21 साल उम्र के बावजूद नोस्कोवा ने बड़े मैच में परिपक्वता दिखाई। चेक गणराज्य की 9वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने प्रत्येक सेट में बेल्जियम खिलाड़ी की सर्विस एक-एक बार तोड़ी। नोस्कोवा पिछले साल विंबलडन के चौथे दौर तक पहुंची थीं। वह साल 2018 में येलेना ओस्टापेंको के बाद ऑल-इंग्लैंड क्लब में सबसे कम उम्र की सेमीफाइनलिस्ट बनी हैं।

# दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज



### सैमसन की वापसी की संभावना

टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है, जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**टीम प्रबंधन की रणनीतियों की हो रही आलोचना**

टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए।

## रशीद बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड ने तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में भारत को 125 रनों से करारी शिकस्त दी। मेजबान टीम की यादगार जीत में आदिल रशीद ने भी गेंद से अहम भूमिका निभाई और दो विकेट चटकाए। रशीद ने इस मुकाबले में बड़ी उपलब्धि को भी अपने नाम कर लिया है। आदिल रशीद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने तीसरे टी20 में 2 विकेट लेने के साथ ही न्यूजीलैंड के स्पिन गेंदबाज ईश सोढ़ी को पीछे छोड़ दिया है। रशीद टी20 इंटरनेशनल में 166 विकेट चटका चुके हैं, जबकि सोढ़ी ने 165 विकेट निकाले हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान का नाम है, जो क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 193 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।



झारखण्ड सरकार
पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गुमला
(दूरभाष–06524–223092,(मो0)9431706376,
E-mail Id- sp-gumla@jhpolice.gov.in

(गुमशुदा की तलाश)



उम्र–14 वर्ष, वर्तमान उम्र–26 वर्ष, लंबाई–करीब 110 से.मी., वजन–करीब 40 कि.ग्रा. बाल–लम्बा एवं काला, आँख–सामान्य, रंग–साँवली, शारीरिक बनावट–सामान्य, पहनावा–सफेद शर्ट एवं लाल फराक।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता मुक्ता टोप्पो, उम्र–14 वर्ष, पे0–स्व0 इंजीनियुस टोप्पो ग्राम–पुण्डी, थाना–जारी, जिला–गुमला (झारखण्ड) जो माह अप्रैल 2014 दिल्ली से लापता है, जिसे अंतिम बार रोहतक (हरियाणा) में देखा गया था। इस संबंध में अहतु थाना कांड सं0–14/21 दिनांक–28.08.21 दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा हैं। **पीड़िता का आधार नं0 xxxx-10148-9996** है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त पीड़िता मुक्ता टोप्पो, उम्र–14 वर्ष के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

PR 384387 Police Wireless Headquarter(26-27).D

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 23 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| एंटीगुआ

वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। श्रीलंका से मिले 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 109 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। इसके साथ ही पिछले 3 साल और 5 महीने में यह कैरेबियाई टीम की पहली टेस्ट सीरीज जीत है। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैंपबेल 113 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि किंग 5 चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नॉटआउट रहे।




केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) एवं 9 का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **28/07/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री सहजानंद ऑटोमोबाइल्स एलएलपी मुकेश कुमार राठौर** खसरा नं. 27 5, बसंतपुर थाना, बसंतपुर गंजमंडी के सामने, तीर्थ फ्यूल पेट्रोल पंप के पास, गुंडरदेही, राजनांदगांव दुर्ग (छ.ग.) 491441 द्वारा पाटनर्स एवं बंधककर्ता- **श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड़** | (1) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/62 क्षेत्रफल-0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, **संपत्ति मालिक- श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड** BAANKNET PROPERTY ID: CNRBYUKTI COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा | 30.10.2025 / 04.02.2026 / बकाया राशि दि. 01/07/2026 को ₹ 7,31,96,296.79 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 4,22,50,000/- / ₹ 42,25,000/- / 10000/- |
| | (2) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/63 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400083149636 चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः राकेश लोहिया की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, **संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़** सांकेतिक कब्जा | | ₹ 8,42,00,000/- / ₹ 84,20,000/- / ₹ 10000/- |
| | (3) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/64 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, **संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़** BAANKNET PROPERTY ID: CNRBNISHANT COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा | | |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 27/07/2026, या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28/07/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824,7683068902 ), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।

दिनांक : 01.07.2026, स्थान : जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक




# दुनिया के 15 सबसे वीआईपी फोन नंबर्स का मालिक, जिसके नाम दर्ज हैं 4 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**लंदन।** क्या आपको अपना मोबाइल नंबर याद रखने में मुश्किल होती है? एक शख्स ने इस आम सी परेशानी को एक ऐसे अनोखे जुनून में बदल दिया, जिसने उसे सीधा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की किताब में पहुंचा दिया। मिलिए एक ऐसे गुमनाम कलेक्टर से, जिनके पास दुनिया के 15 सबसे अनाखे और वीआईपी मोबाइल नंबर्स का कलेक्शन है। इस कलेक्शन को उन्होंने गोल्डन डिजिट्स नाम दिया है।

### कैसे शुरू हुआ वीआईपी नंबर्स कलेक्ट करने का सफर?

इस अनोखे शौक की शुरुआत 15 साल पहले एक इत्तेफाक से हुई। एक दिन इस शख्स का मोबाइल फोन खराब हो गया और उन्हें अपना ही फोन नंबर याद करने में पसीने छूट गए. तब उनके एक दोस्त ने सलाह दी कि तुम्हें एक ऐसा नंबर लेना चाहिए, जिसे याद रखना बच्चों का खेल हो। बस फिर क्या था, इस सलाह ने एक ऐसे सफर की शुरुआत की, जिसने इस शख्स को वीआईपी नंबर्स का सबसे बड़ा सिकंदर बना दिया। उसने सोचा कि आखिर बार-बार दोहराए जाने वाले नंबर से आसान क्या हो सकता है? और फिर इसी को सच करने की जद्दोजहद में लग गया।

### वो 4 नंबर्स, जिन्होंने बनाए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

इस 'गोल्डन डिजिट्स' कलेक्शन में कुल 15 नंबर्स हैं, जिनमें से 0 से 9 तक के परफेक्ट कॉम्बिनेशन वाले नंबर्स शामिल हैं। लेकिन, सबसे खास बात यह है कि इनमें से 4 नंबर्स के नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं।

**ये इतालवी (+39) नंबर्स कुछ इस तरह हैं:-**

- सबसे ज्यादा लगातार एक जैसे अंक (10 बार): (+39) 3333333333
- सबसे ज्यादा घटते क्रम वाले अंक (8 बार): (+39) 3376543210
- सबसे ज्यादा बढ़ते क्रम वाले अंक (8 बार): (+39) 3401234567
- एक नंबर में सबसे ज्यादा एक जैसे अंक (कुल 11 बार): (+39) 3333333333




### कीमत का अंदाजा लगाना क्यों है मुश्किल?

जब इस गुमनाम कलेक्टर से इन 'गोल्डन डिजिट्स' की कीमत पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि ये अनमोल हैं। चूंकि ये नंबर्स पूरी दुनिया में सिर्फ एक ही हैं, इसलिए इनकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती।

### फिर कैसे लगाएं इनकी वैल्यू का अंदाजा?

दुनिया में वीआईपी नंबर्स किस कीमत पर बिकते हैं, इसका अंदाजा इतिहास की कुछ बड़ी नीलामियों से लगाया जा सकता है। साल 2006 में दोहा की एक चैरिटी नीलामी में 666-6666 नंबर 2.75 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से लगभग 23 करोड़ रुपए) में बिका था। इससे पहले साल 2003 में चीन में 8888-8888 नंबर करीब 2.80 लाख डॉलर में खरीदा गया था। चीनी संस्कृति में '8' नंबर को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। जब एक नंबर करोड़ों में बिक सकता है, तो आप खुद सोचिए कि 4 गिनीज रिकॉर्ड वाले 15 'गोल्डन डिजिट्स' की कीमत क्या होगी।

## रोचक खबरें

### वैज्ञानिकों को मिला ऐसा जीव, जो बिना बड़ा हुए ही हो जाता था बूढ़ा

**मैक्सिको सिटी।** क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इस धरती पर एक ऐसा जीव भी रह चुका है, जो कभी बड़ा ही नहीं होता था? वो हमेशा अपने 'बचपन' के रूप में ही रहता था और उसी रूप में रहते-रहते 'बूढ़ा' होकर मर जाता था।सुनने में यह नामुमकिन सा लगता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ही जीव के कंकाल को खोज निकाला है। हैरानी की बात यह है कि इस जीव के अवशेष पिछले करीब 3 दशक से मेक्सिको की मशहूर यूनिवर्सिटी नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको के अंतर्गत आने वाले एफईएस ज़रागोज़ा के पैलियोबॉटनी रिसर्च ग्रुप की लैब में रखे थे। इनकी खोज के वक्त इन्हें सामान्य छिपकली या सालामैंडर प्रजाति का मान लिया गया था और इस पर कोई खास रिसर्च नहीं हुई थी।



### सिर कटने के बाद भी 7 दिनों तक जिंदा रहता है ये जीव! बिना मुंह-नाक के लेता है सांस

**नई दिल्ली।** क्या कोई जीव बिना सिर के भी हफ्तों जिंदा रह सकता है? पहली बार में यह बात किसी फिल्म की कहानी लग सकती है, लेकिन यह पूरी तरह से सच है। हमारे घरों में छिपा रहने वाले कॉकरोच को लेकर एक हैरान करने वाला सच सामने आया है। छोटा सा कॉकरोच असल में प्रकृति का एक ऐसा अजूबा है, जिसकी सहनशक्ति और बनावट को देखकर आज दुनिया भर के वैज्ञानिक भी हैरान हैं। इनकी सबसे हैरान करने वाली खूबी यह है कि ये अपना सिर कटने के बाद भी कई दिनों तक जिंदा रह सकते हैं। यह बात विज्ञान पर आधारित सच है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सिर कटने के बाद कॉकरोच चोट की वजह से नहीं, बल्कि खाना-पानी न मिल पाने के कारण डिहाइड्रेशन से मरता है। साइंस एबीसी के मुताबिक, कॉकरोच का शरीर इंसानों और दूसरे स्तनधारियों से पूरी तरह अलग काम करता है। इंसानों में सांस लेने और ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन कॉकरोच का नर्वस सिस्टम यानी तंत्रिका तंत्र पूरे शरीर में फैला होता है।



### यहां चाव से खाया जाता है सांप का जिंदा दिल, सीधे निगल जाते हैं लोग

**हनोई।** वियतनाम दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां बेहद अजीबोगरीब और एडवेंचरस फूड को बड़े चाव से खाया जाता है। इनमें सबसे चर्चित है सांप का जिंदा धड़कता दिल खाना। यहां सांप को मारकर तुरंत उसका दिल निकाला जाता है और वो अभी भी धड़क रहा होता है। लोग उसे सीधे मुंह में रखकर निगल जाते हैं। हाल ही में एक विदेशी टूरिस्ट ने इस अनुभव को आजमाया और वीडियो शेयर किया, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर चर्चा का बाजार गर्म है। वीडियो में दिखाया गया है कि सांप की बॉडी से दिल निकालने के बाद भी वह फड़क रहा था। टूरिस्ट ने उसे मुंह में रखा और निगल लिया। उसे निगलने के बाद शख्स को वोडका का शॉट और पानी पीना पड़ा. शख्स के मुताबिक़, इस डिश को खाने के बाद ऐसा लगता है मानो बॉडी में दूसरा दिल भी धड़क रहा हो। शख्स के मुताबिक़, इसका स्वाद थोड़ा अजीब था लेकिन यह अनुभव यादगार रहा. वियतनाम में यह डिश पुरुषों में ताकत और स्टैमिना बढ़ाने वाली मानी जाती है। स्थानीय लोग इसे मेडिसिनल फूड के रूप में देखते हैं। वियतनाम के कुछ रेस्टोरेंट्स और मार्केट्स में सांप को जिंदा रखा जाता है। कस्टमर के ऑर्डर करने पर सांप को मारकर तुरंत तैयार किया जाता है।




# सूर्य ग्रहण के साथ टूटेंगे हजारों तारे, आसमान में हजारों सालों बाद बन रहा दुर्लभ संयोग

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में एक दुर्लभ संयोग बन रहा है। 12 अगस्त को आसमान में एक साथ दो अद्भुत खगोलीय घटनाएं देखने को मिलेंगी और सबसे खास बात ये है कि इन्हें देखने के लिए आपको किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं होगी। 12 अगस्त के दिन चांद सीधे सूरज के सामने से गुजरेगा जिससे उत्तरी अमेरिका, यूके, आयरलैंड और यूरोप के मुख्य हिस्सों में एक शानदार सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। फिर जैसे ही सूरज डूबेगा और रात होगी पृथ्वी एक धूमकेतु की तरफ से छोड़े गए मलबे से गुजरेगी, जिससे साल की सबसे बेहतरीन उल्का वर्षा भी देखने को मिलेगी।

### दिन में सूर्य ग्रहण रात में आसमान में टूटेंगे तारे

12 अगस्त को चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच आकर सूर्य को पूरी तरह ढक लेगा। इससे दिन के समय कुछ मिनटों के लिए शाम जैसा अंधेरा छा जाएगा। इसी रात पृथ्वी, स्विफ्ट-टटल धूमकेतु के मलबे से होकर गुजरेगी। जब धूल के ये छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में टकराएंगे तो वे जल उठेंगे जिससे आसमान में चमकदार लकीरें बनेंगी जिन्हें हम 'टूटता तारा' या उल्का बौछार कहते हैं। सूर्य ग्रहण हमेशा 'अमावस्या' के दिन ही होता है। अमावस्या होने के कारण रात को आसमान एकदम काला और चांद की रोशनी से मुक्त रहेगा। इस वजह से रात में छोटे और हल्के टूटते तारे भी बेहद स्पष्ट और चमकदार दिखाई देंगे।

### अमावस्या की वजह से तारों का टूटना बिल्कुल साफ दिखेगा



### इसे कहां और कैसे देख सकते हैं?

पूर्ण सूर्य ग्रहण का मुख्य रास्ता ग्रीनलैंड, आइसलैंड, अटलांटिक महासागर और उत्तरी स्पेन से होकर गुजरेगा। अगर आप इन जगहों पर हैं तो आपको दिन में पूर्ण अंधेरा दिखाई देगा। आंशिक सूर्य ग्रहण बाकी बचे यूरोप जैसे यूके, आयरलैंड, उत्तरी अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका यानि कनाडा और उत्तर-पूर्वी अमेरिका में आंशिक सूर्य ग्रहण दिखेगा। यहां ऐसा लगेगा कि चंद्रमा ने सूरज का एक बड़ा हिस्सा 'काट' लिया है।

### भारत में क्या सूर्य ग्रहण दिखेगा?

भारत में इस सूर्य ग्रहण को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि उस समय यहां रात हो रही होगी। हालांकि आप इसे विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं के ऑनलाइन लाइव स्ट्रीम के जरिए देख पाएंगे।

### उल्का बौछार कहां और कैसे देखें?

सूर्य ग्रहण के विपरीत, पर्सीड उल्का बौछार को उत्तरी गोलार्ध के ज्यादातर हिस्सों से देखा जा सकता है बशर्ते मौसम साफ हो। 12 अगस्त की देर रात से लेकर 13 अगस्त की सुबह का समय इसे देखने के लिए सबसे बेहतर है। इस दौरान प्रति घंटे 60 से 100 तक टूटते तारे देखे जा सकते हैं।

**उल्कों की बौछार कैसे देखें :** इसके लिए आपको किसी टेलीस्कोप या दूरबीन की आवश्यकता नहीं है। शहर की तेज लाइटों से दूर किसी अंधेरे वाले खुले मैदान या छत पर जाएं और अपनी आंखों को अंधेरे में ढलने के लिए 20-30 मिनट का समय दें और सीधे आसमान की ओर लेटकर इसका आनंद लें।

### अद्भुत नजारे को देखने सुरक्षा का रखें खास ध्यान

सूर्य ग्रहण को कभी भी सीधे न देखें। इसे देखने के लिए हमेशा प्रमाणित सोलर एक्लिप्स ग्लासेस यानि आईएसओ 12312-2 सर्टिफाइड का ही इस्तेमाल करें। आम धूप के चश्मों का इस्तेमाल आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। उल्का बौछार देखने के लिए आंखों की सुरक्षा के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं है इसे नंगी आंखों से पूरी तरह सुरक्षित देखा जा सकता है। उल्कापिंडों की बारिश का नजारा कितना शानदार होगा यह कुछ बातों पर निर्भर करता है और इनमें से एक अहम कारक है चंद्रमा। धुंधले और तेजी से गुजरते उल्कापिंडों को देखने के लिए आपको जितना हो सके उतना अंधेरा आसमान चाहिए। इसका मतलब है कि आपको रोशनी वाले इलाकों से दूर जाना होगा और ऐसे समय में देखना होगा जब चंद्रमा आसमान में न हो।

# 14 की उम्र में उठाई थी बंदूक, 105 साल की उम्र में सेना की वर्दी पहनकर काटा केक!

**बीजिंग।** चीन की इस जांबाज महिला सैनिक ने जब अपना 105वां जन्मदिन मनाया, तो हर कोई इमोशनल हो गया। व्हीलचेयर पर बैठी और फौजी वर्दी में सजी वांग क्वानयिंग के सीने पर लगे मेडल उनके गौरवशाली इतिहास की गवाही दे रहे थे।

**जज्बे की अनोखी कहानी :** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, वांग का बचपन बहुत गरीबी और संघर्ष में बीता है। एक साल की उम्र में अनाथ हुईं वांग ने सिर्फ पांच साल की उम्र में दूसरों के घरों में मजदूरी शुरू कर दी थी, लेकिन 1935 में जब उनके गांव में रेड आर्मी पहुंची, तो उन्होंने समाज की सेवा करने की ठान ली और महज 14 साल की उम्र में सेना में भर्ती हो गईं।



### मौत को करीब से देखा

जंग के दौरान उन्होंने खाना पकाने से लेकर घायल सैनिकों की मरहम पट्टी तक हर जिम्मेदारी निभाई। एक युद्ध के दौरान बर्फ से ढके पहाड़ों को पार करते समय उन्होंने भूख और ठंड का सामना किया। उनके साथ के 12 साथी शहीद हो गए, लेकिन वांग ने हार नहीं मानी और आज वो अपने उन साथियों की याद में अपना जीवन जी रही हैं।

### लंबी उम्र का रहस्य

वांग अपनी लंबी उम्र का श्रेय सकारात्मक सोच, शाकाहारी भोजन और दूसरों की मदद क रने की भावना को देती हैं। आज उनकी चार पीढ़ियों का भरा पूरा परिवार है और वो सादगी भरा जीवन जी रही हैं। वांग क्वानयिंग की कहानी हमें सिखाती है कि विपरीत हालात में भी इंसान का हौसला उसे किसी भी मंजिल तक ले जा सकता है। वह न केवल एक सिपाही हैं, बल्कि एक ऐसी मिसाल हैं, जिसने इतिहास के पन्नों को अपनी हिम्मत से जिंदा रखा है।







# घर के आंगन में गिरा 40 साल पुराना पेड़, बुजुर्ग की खुल गई किस्मत

**बेंगलुरु।** आमतौर पर बारिश के दौरान पेड़ गिरने की खबरें नुकसान की होती हैं, लेकिन बेंगलुरु के 85 वर्षीय एन.जी. केसरी के लिए एक गिरा हुआ पेड़ जिंदगी की सबसे बड़ी खुशखबरी बन गया। उनके घर के आंगन में करीब 40 साल से खड़ा चंदन का पेड़ तेज बारिश और आंधी में गिर गया, लेकिन इसी पेड़ ने उन्हें करीब 28 लाख रुपए का मालिक बना दिया। इतना ही नहीं, सरकार ने उनके धैर्य और संरक्षण के लिए उन्हें 'सैंडलवुड शिरोमणि'सम्मान से भी नवाजा। करीब चार दशक पहले उनके घर के आंगन में अपने आप चंदन का एक पौधा उग आया था। केसरी ने उसकी देखभाल की और समय के साथ वह विशाल पेड़ बन गया। इसकी खुशबू दूर-दूर तक फैलने लगी, लेकिन इसकी वजह से कई बार लकड़ी चोरों की नजर भी इस पर पड़ी। पेड़ को बचाने के लिए उन्होंने उसके चारों ओर लोहे का मजबूत पिंजरा लगवा दिया।

### पुरस्कार देकर किया सम्मानित



बाद में कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड ने इस चंदन को खरीदा, जिससे केसरी को करीब 28 लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ। वर्षों तक चंदन के पेड़ की सुरक्षा और संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने उन्हें 'सैंडलवुड शिरोमणि' पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

**तुरंत वन विभाग को दी सूचना :** इस साल जून में हुई तेज बारिश और आंधी के दौरान पास का एक बड़ा पेड़ चंदन के पेड़ पर गिर गया, जिससे वह धराशायी हो गया। नुकसान की बजाय केसरी ने नियमों का पालन करते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com